हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 277, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 9 अप्रैल, 2024 दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

जब तक गरीबी दूर नहीं कर दूंगा चैन से नहीं बैठूंगा : मोदी

मोदी डरने वाला नहीं, गरीबों को जिन्होंने लूटा उन्हें सजा जरूर मिलेगी

छत्तीसगढ़। लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की बस्तर संभाग की दो सीटों पर कब्जा करने के लिए बीजेपी ने अहम चुनावी रणनीति बनाई है। इसी रणनीति के तहत पीएम नरेंद्र मोदी आमाबाल में जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा एक काम और आपको करना है। मैं संगठन का काम करता था तब हर जगह जाता था अभी नहीं जा पाता हूं। आपको जाना है, घर- घर जाना है और कहना है कि मोदी जी ने राम राम कहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा ने ही छत्तीसगढ़ को पहला आदिवासी मुख्यमंत्री दिया। बजट पांच गुना बढ़ाया है। आपका सपना ही मोदी का सपना है। इसे पूरा करने के लिए हर पल देश के नाम हर पल आपके नाम। 24 घंटे आपके लिए काम। पहली बार 24 हजार करोड़ की योजना बनाई है। इससे हर आदिवासी परिवार का जीवन बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मेरा लक्ष्य देश को विकसित बनाना है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं कहता हूं भ्रष्टाचारियों को जेल जाना पड़ेगा ये मेरी गारंटी

है। राम नवमी दूर नहीं है इस बार रामलला टेंट में नहीं मंदिर में दर्शन देंगे। इसकी सबसे ज्यादा खुशी राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ को है। लेकिन कांग्रेस को ये रास नही आया जो नेता वहां पहुंचे उन्हें पार्टी से निकाल दिया। कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग की छाप है। यहां गरीब परिवारों को पक्का घर दिया। जिन लोगों को योजना का लाभ नहीं मिला है उनको गारंटी दे देना की पांच साल में उन्हें भी लाभ मिलेगा। घर दे रहे हैं उसका मालिकाना हक भी महिलाओं के दे रहे हैं। हमने तीन करोड़ दीदियों को लखपति बनाने का टारगेट रखा है। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने लोगों की दुकानें बंद करवा दि है अब मेरी रक्षा कौन करेगा, आप करेंगे न। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के भ्रष्टाचार की जांच करवा रहे हैं। ये मोदी का सर लाठी से फोड़ने की बात कर रहे हैं। मोदी डरने वाला नहीं है। गरीबों को जिन्होंने लूटा उन्हें सजा जरूर मिलेगी। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से एक रुपया निकलता था तो यहां 15 पैसा पहुचता था। हमने ये सिस्टम ही बंद कर दिया और सीधे गरीबों के खाते में 34 लाख करोड़ भेजे। सीधे पैसा भेजने से एक रुपए भी कोई नहीं खा पाया। कांग्रेस की सरकार होती तो पूरे पैसे खा जाते। पीएम मोदी ने कहा कि हमने सस्ती दवा की दुकान खोली, दुनिया में कोरोना संकट आया लोग कहते थे भारत कैसे बचेगा। गरीबों का क्या होगा। हमने गरीबों को मुफ्त वैक्सीन, राशन देने का वादा किया और दूसरे देशों में खाने के लिए दवा के लिए हाहाकार मचा था तब हमने मुफ्त में राशन, वैक्सीन दिया। मुफ्त राशन आज भी दे रहे हैं आने वाले 5 साल और देंगे। मुफ्त में राशन मिलने से पैसा बच रहा है। गरीब अपना सपना पूरा कर रहा है। भ्रष्टाचार से सबसे ज्यादा नुकसान गरीब का होता है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि राम मंदिर का समर्थन करने वाले नेताओं को कांग्रेस ने पार्टी से निकाल दिया है। कांग्रेस ने राम मंदिर का न्यौता ठुकरा दिया है। कांग्रेस राम मंदिर बनने से खुश नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि दवा के लिए पैसे न हों तो उसकी मजबूरी मुझे पता है। हमारी सरकार ने गरीबों को उनका हक दिया। देश मे 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। बस्तर से ही मैने आयुष्मान योजना की शुरूआत की थी जो पूरे देश मे सस्ता इलाज दे रही है। पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा दे रहे हैं।

'परमाणु बम से उड़ा देंगे': दिल्ली एयरपोर्ट पर दो यात्रियों ने दी धमकी, दोनों गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने दो यात्रियों को गिरफ्तार किया है। जिनके ऊपर आरोप है कि पांच अप्रैल को दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट को परमाणु बम ले उड़ाने की धमकी दी थी। इन दोनों की पहचान हो चुकी है। एक का नाम जिग्नेश मालानी और दूसरे का नाम कश्यप कुमार लालानी है। जो गुजरात के राजकोट के रहने वाले हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रियों जिग्नेश मालान और कश्यप कुमार लालानी ने सुरक्षा जांच की आवश्यकता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अकासा एयर की उड़ान में चढ़ने से पहले उनकी जांच की गई थी। अकासा एयर के एयरलाइन स्टाफ द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में बताया है कि अकासा एयर फ्लाइटके लिए सेकेंडरी लैडर प्वाइंट सिक्योरिटी जा रही थी। तभी स्टाफ ने जिग्नेश मालानी और कश्यप कुमार लालानी से तलाशी के लिए कहा। तलाशी के दौरान एक ने कहा कि जब यह पहले ही हो चुका है तो आप क्या जांच क्यों कर रहे हैं। स्टाफ ने जवाब देते हुए सर यह हमारी ट्यूटी है। जिसके जवाब में एक यात्री ने कहा कि आप क्या करोगे मैं न्यूक्लियर बम ले जा रहा हूं।

सीएए लागू होने के बाद कोई भी भारतीय अपनी नागरिकता नहीं खोएगा : राजनाथ सिंह

नमक्कल। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस समय तमिलनाडु में है। सोमवार को उन्होंने कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के लागू होने से कोई भी भारतीय, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, अपनी नागरिकता नहीं खोएगा। सिंह ने विपक्षी कांग्रेस और द्रमुक पर इस मुद्दे पर 'भ्रम पैदा करने' का आरोप लगाया है। भाजपा के नमक्कल उम्मीदवार केपी रामलिंगम के समर्थन में राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु के नमक्कल, तेनकासी और नागपट्टिनम में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। यहां एक रोड शो के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो वादा किया उसे हमेशा लागू किया और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, अनुच्छेद 370 और सीएए को निरस्त करना ऐसे आश्वासन थे। राजनाथ सिंह ने आगे

कहा कि 'हमने नागरिकता अधिनियम का वादा किया था और हमने यह किया। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि भारत का कोई भी नागरिक - चाहे वह हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, पारसी या यहूदी हो - किसी की नागरिकता नहीं जाएगी।' उन्होंने द्रमुक और कांग्रेस पर इस मामले में भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया है। तीन तलाक के उन्मूलन पर राजनाथ ने कहा कि किसी भी धर्म की 'माताएं और बहनें' 'हमारी माताएं और बहनें' हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म की हमारी माताओं और बहनों के खिलाफ कोई भी अत्याचार हो, हम उनके साथ खड़े हैं और हमने तीन तलाक को खत्म करके यह साबित कर दिया है।'

बरेली में गरजे मायावती के भतीजे आकाश आनंद, कहा- भाजपा की सरकार बेइज्जती का टैग

बरेली। बसपा सुप्रीमो के भतीजे आकाश आनंद ने बरेली में जनसभा को संबोधित किया। बसपा की स्टार प्रचारकों की सूची में शुमार आकाश आनंद ने कहा कि अब वह भी बहुजन मूवमेंट से जुड़ चुके हैं। आकाश आनंद ने कहा कि इलेक्टोरल बांड के माध्यम से 16,500 करोड़ रुपये 25 राजनीतिक दलों को चंदा मिला ,लेकिन इसमें बसपा का नाम नहीं था। बसपा पूंजीपतियों और धन्ना सेठों के सहारे नहीं, कार्यकर्तओं के धन, मन, बल के बूते चुनाव लड़ता है। आकाश आनंद ने कहा कि अगर भाजपा का कोई सदस्य आये तो ये जरूर पूछना की बीते 10 वर्षों में शिक्षा, सुरक्षा उर रोजगार के लिए क्या किया। यह तीनों ही हमारे लिए जरूरी है। सरकारी नौकरी के नाम पर केवल पेपर लीक होने की खबरें आई हैं। यह सरकार को बहाना मिल जाता है, भर्ती रद्द करने का। कक्षा में पढ़ने वाले आधे से ज्यादा बच्चे जोड़ घटाना नहीं कर पाते। आकाश आनंद ने अपने भाषण में सपा और कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक लाल टोपी वाले नेता है। एक बार सायकिल का चक्कर लगाकर सत्ता में पहुंच गए। एक बार टोपी पहनी और फिर लोगों को टोपी पहना दी।

नीतीश का लालू परिवार पर निशाना, कहा- ये लोग केवल झूठ बोलते हैं, इन लोगों ने कोई काम नहीं किया

पटना। बिहार में क्रेडिट वॉर एक बार फिर से शुरू हो चुका है। तेजस्वी यादव ने पांच लाख नौकरी देने का श्रेय फिर लिया तो सियासत गरमा गई। सोमवार को जदयू कार्यालय पहुंचे सीएम नीतीश कुमार ने स्पष्ट कहा कि कुछ दिन के लिए उनलोगों को हम लाए। सारा काम मेरा पहले से ही किया हुआ है। आप लोग नहीं जानते हैं कि यहां पर काम कौन किया है। इन लोगों ने क्या कमा किया? 2005 से पहले क्या हाल था? उनके (तेजस्वी यादव) माता-पिता ने 15 साल राज किया लेकिन क्या काम किया। बिहार में कोई काम नहीं हुआ। शाम में कोई डर से घर के बाहर नहीं निकलता था। आपलोग पता कर लीजिए। अब पटना या कहीं भी कितने ऊंचे ऊंचे भवन बनकर खड़े हो गए। कितना विकास हुआ है। नीतीश कुमार ने कहा कि ये लोग केवल झूठ बोलते हैं। बिना काम किए ही अपना प्रचार प्रसार करते रहता है। हम तो अपना काम में लगे रहते हैं। हमलोग प्रचार-

प्रसार करने में ध्यान नहीं देते। पहले कितना हिन्दू-मुस्लिम के बीच झगड़ा होता रहता था। अब क्या स्थिति है। हम तो जनता से अपील करते हैं कि मेरे काम को याद रखिए। 2005 से पहले क्या हुआ था यह भी याद रखिए। नीतीश कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर हमलोग पूरी तैयारी में हैं। चिंता मत कीजिए। सब जगह जाएंगे और एक-एक चीज करेंगे। बाकी सब लोग इधर-उधर कर रहे हैं। उनको जनता देख रही है। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद से तेजस्वी यादव जब भी जनता से मुखातिब होते हैं या किसी भी चुनावी सभा को संबोधित कर रहे होते हैं तो वह बिहार में पांच लाख नौकरी देने का श्रेय खुद को और महागठबंधन को जरूर देते हैं। तेजस्वी यादव का कहना है कि हमने जब 10 लाख रोजगार का वादा किया था कि सीएम नीतीश कुमार ने तंज कसता था। उस वक्त उन्होंने कहा था कि तेजस्वी अपने बाप के घर से इतनी नौकरी लाएगा। जब हम डिप्टी सीएम बने तो सीएम नीतीश कुमार के कलम से ही पांच लाख लोगों को नौकरी दी गई। तेजस्वी कहते हैं कि जनता जान चुकी है कि बिहार में पांच लाख नौकरी किसने दी।

अखिलेश ने बताया गुंडा तो अफजाल अंसारी ने डिप्टी सीएम को कहा- सबसे बड़ा माफिया

गाजीपुर। सपा मुखिया अखिलेश यादव के 'डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से बड़ा गुंडा कोई नहीं हो सकता' बयान के बाद मुख्तार अंसारी के भाई सपा के प्रत्याशी सांसद अफजाल अंसारी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। डिप्टी सीएम को अफजाल अंसारी ने माफिया बताया है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने बयान दिया था कि अखिलेश की माफिया से रिश्तेदारी है, वह रिश्तेदारी निभाएं। हमारी माफिया से दुश्मनी है। हम दुश्मनी निभाएंगे। हम माफिया और अपराधी पर कानून के हिसाब से कार्रवाई करते रहेंगे। उस बयान के बाद अफजाल अंसारी ने कहा कि सरकार एक पक्ष से बृजेश सिंह और त्रिभुवन सिंह को बचाने में लगी है। कहा कि भले ही सरकार की साख को ताक पर रखकर हत्या करा दी जाए, ये बात और है। लेकिन, सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य खुद माफिया हैं। उनपर 16 मुकदमे हैं और 302 के भी वो मुल्जिम हैं। वे विधायक का चुनाव भी हार गए। वे बेशर्म लोग हैं, जो हारने के बाद भी पद स्वीकार करते हैं और हारने के बाद भी लंबी-लंबी बातें करते हैं। केशव मौर्य, योगी आदित्यनाथ, नरेंद्र मोदी का

जो तिलिस्म है वो टूट चुका है। इस घटना से ही नहीं, पूरे देश को जो उन्होंने जो नुकसान पहुंचाया है। इस घटना के कारण (मुख्तार की मौत से) दब गया इलेक्टोरल बांड का मुद्दा, सर्वोच्च न्यायालय ने अभी पूछा है कि क्यों न ईवीएम पैट और वीवीपैट का मिलान कराया जाए।

'वे घिसी पिटी हिंदू-मुस्लिम स्क्रिप्ट के सहारे', घोषणा पत्र को लेकर पीएम की टिप्पणी पर खरगे का पलटवार

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव की तारीखें जैसे-जैसे करीब आ रही है, वैसे-वैसे राजनीतिक दलों ने ताबड़तोड़ रैली शुरू कर दी है। इस बीच, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को भाजपा को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम में भारतीयों के खिलाफ ब्रिटिश और मुस्लिम लीन का समर्थन किया था। गौरतलब है कि पीएम मोदी द्वारा कांग्रेस पर तीखा हमला करने के बाद मल्लिकार्जुन खरगे की प्रतिक्रिया आई है। सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के राजनीतिक और वैचारिक पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम में भारतीयों के खिलाफ ब्रिटिश और मुस्लिम लीग का समर्थन किया था। इनके वैचारिक पूर्वजों ने 1942 में महात्मा गांधी के 'भारत छोड़ो' आह्वान का विरोध किया था, जो मौलाना आजाद की अध्यक्षता में किया गया आंदोलन था। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि

हर कोई जानता है कि 1940 के दशक में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन कर-के बंगाल, सिंध और उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत में अपनी सरकारें कैसे बनाईं। क्या श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने तत्कालीन ब्रिटिश गवर्नर को यह नहीं लिखा था कि 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन का 'मुकाबला' कैसे किया जा सकता है और कांग्रेस को कैसे दबाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा था कि 'भारतवासियों को अंग्रेजों पर भरोसा करना होगा'? बता दें पीएम मोदी ने कांग्रेस के घोषणा-पत्र पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि इसमें मुस्लिम लीग की छाप है, उसके नेताओं के बयानों में राष्ट्रीय अखंडता और सनातन धर्म के प्रति शत्रुता दिखाई देती है। वहीं जेपी नड्जा ने भी कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि घिसी पिटी हिंदू-मुस्लिम स्क्रिप्ट का भाजपा सहारा ले रही है। पीएम मोदी पर तीखा तंज करते हुए उन्होंने कहा कि वह डर गए हैं कि भाजपा को 180 सीटों का आंकड़ा पार करने में संघर्ष करना पड़ेगा।

जल बोर्ड घोटाले पर दिल्ली विधानसभा में हंगामा सदन से भाजपा विधायकों को किया गया बाहर

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। दरअसल, भाजपा विधायकों ने जल बोर्ड में घोटाले संबंधी दिल्ली सरकार की रिपोर्ट पर चर्चा कराने की मांग की थी। लेकिन अध्यक्ष चर्चा के लिए तैयार नहीं हुए। इस पर भाजपा विधायकों ने हंगामा किया। इस कारण विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा के सभी विधायकों को सदन से मार्शल बाहर करा दिया। भाजपा विधायकों ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के साथ विधानसभा परिषद स्थित महात्मा गांधी की मूर्ति के सामने धरना दिया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार ने जल बोर्ड में घोटाला किया है। वह इस मामले को दबाने में लगी हुई है। वहीं दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने विधानसभा परिसर में भाजपा के विधायकों के धरने में प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष के शामिल होने का खड़ा विरोध किया। उन्होंने इस मामले में विधानसभा अध्यक्ष को लिखित शिकायत दी है साथ ही उनसे मांग की है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने विधानसभा परिषद का दुरुपयोग किया है। इस मामले की जांच कर कार्रवाई की जाए। उनको विधानसभा में प्रवेश दिलवाने वाले के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।

एनआईए अधिकारियों पर हमले को लेकर ममता बनर्जी का एजेंसी पर निशाना, कहा- पुलिस को बिना बताए की छापेमारी

कोलकाता। ममता बनर्जी ने बांकुरा में रैली को संबोधित करते हुए भूपतिनगर विस्फोट मामले की जांच के दौरान एनआईए अधिकारियों पर हुए हमले पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने रैली के दौरान बताया कि एनआईए स्थानीय पुलिस को बिना बताए छापेमारी करने गई थी। इससे पहले भी इस मामले को लेकर ममता ने कहा था कि केंद्रीय जांच एजेंसियां ईडी, एनआईए और सीबीआई, भाजपा के लिए काम कर रही हैं और बिना किसी जानकारी के छापेमारी कर रही हैं। रैली में उन्होंने इस मामले को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब है जून के बाद सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डालना। बीते हफ्ते एनआईए की टीम भूपतिनगर में साल 2022 में हुए बम धमाके के मामले में छापेमारी करने और दो आरोपियों (मनोब्रतो जाना और बालीचरन मैती) को गिरफ्तार करने पहुंची थी। इस दौरान जब एनआईए टीम दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लौट रही थी, तो स्थानीय लोगों ने एनआईए टीम पर पथराव किया। जिसमें एनआईए की गाड़ियों के शीशे टूट गए और कई अधिकारी घायल हुए। शनिवार को एनआीए की टीम

2022 में हुए भूपतिनगर विस्फोट मामले की जांच के लिए पूर्वी मिदनापुर पहुंची। उन्होंने इस मामले में जाना की पत्नी ने एनआईए के अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि एनआईए की टीम जबरन उनके घर में घुसी और उनके घर में तोड़-फोड़ की। जाना की पत्नी ने एनआईए टीम पर उसका शील भंग करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। एनआईए ने भी स्थानीय पुलिस में उनके अधिकारियों पर हुए हमले को लेकर मामला दर्ज कराया है। हालांकि, अभी तक बंगाल पुलिस ने इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की है। टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी केंद्रीय जांच एजेंसियों और भाजपा की मिलीभगत का आरोप लगाया। टीएमसी का आरोप है कि बंगाल भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बीती 26 मार्च को एनआईए के सुपरीटेंडेंट से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में टीएमसी के नेताओं की लिस्ट दी है, जिन्हें गिरफ्तार किया जाना है। एनआईए ने टीएमसी के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। एजेंसी ने दावा किया है कि उनकी टीम ने कानून के दायरे में रहकर ही छापेमारी की थी। बांकुड़ा में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों को सजा दिलाने के वादे का मतलब लोकसभा चुनाव के बाद सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डालना है। दरअसल, देशभर में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के नतीजे चार जून को जारी होंगे। रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, "प्रधानमंत्री चुनावी रैलियों को संबोधित करने के लिए बंगाल आ रहे हैं। मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन जिस तरह से उन्होंने लोकसभा चुनाव के नतीजे के बाद भ्रष्टाचार को लेकर विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही, इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है।"

सिवनी में राहुल ने आदिवासी और वनवासी में बताया अंतर, बीजेपी पर साधा निशाना

सिवनी। सिवनी पहुंचे राहुल गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब यहां दूर-दूर से मेरी बात सुनने आए हैं। यहां आदिवासी वर्ग के काफी सारे लोग मौजूद हैं, कांग्रेस पार्टी आपको आदिवासी कहती है, दूसरी ओर बीजेपी, पीएम मोदी और अमित शाह आपको वनवासी कहते हैं। राहुल ने कहा कि इन शब्दों के पीछे दो अलग-अलग विचारधारा है। आदिवासी शब्द का मतलब, वो लोग जो इस देश के इस जमीन के पहले मालिक थे। उन्होंने कहा कि अगर आप पहले मालिक थे, तो जमीन, जल, जंगल, देश के धन पर आपका हक बनता है। वहीं वनवासी का मतलब वो लोग जो जंगलों में रहते हैं, वनवासी शब्द के पीछे एक विचारधारा है। सबसे पहले आपका जो इतिहास है, आपकी भाषाएं हैं, आपके जीने का जो तरीका है, उसको ये शब्द मिटाने की कोशिश करता है। दूसरी ओर जब हम आपको वनवासी कहते हैं तो उसके अंदर ये छिपा हुआ है कि वनवासियों को ना जमीन का ना जल और ना ही जंगल का अधिकार मिलना चाहिए। क्योंकि वनवासी का मतलब आप जंगल में रहते हो, जंगल में आपको कैसे अधिकार मिलेगा।

संपादकीय

हुए पांच साल मगर बदली न चाल-ढाल

एक नेता वोट मांगने किसी मलिन बस्ती में पहुंचा। वहां की बदबू से घबराकर उसने झट अपने कुर्ते की जेब से रूमाल निकाला और नाक पर रखते हुए सवाल किया। क्यों भई, यहां कोई स्वीपर नहीं आता क्या। बस्ती का एक बूढ़ा नेता जी की आंखों में आंखें डालकर बोला। जी आवै सै, पर आवै सै पांच साल मैं एक बर अर आकै गंदगी और बढ़ा दे सै। नेता जी को तो बात समझ आई या नहीं पर यह सत्य है कि हर चुनाव में जातपात और साम्प्रदायिकता की गंदगी बढ़ती ही जा रही है। भाईचारा तार-तार होकर यूं उड़ रहा है जैसे कूड़े के ढेर से प्लास्टिक के लिफाफे उड़कर चारों दिशाओं में फैल जाते हैं। पिछले 75 सालों से वही वादे, वही इरादे। अमृत महोत्सव में भी आम आदमी को अमृत की एक बूंद नहीं मिली। आज भी वह अभावों का गरल गटकने को मजबूर है। वोट हथियाने के लिए नेता जो जहर उगलते हैं, वही आम आदमी की धीमी मौत का कारण बनता है। गरीब बस्तियों की दशा जस की तस है। वही दुर्गन्ध, वही अन्धेरा वही कुपोषण, वही अशिक्षा, वही बेरोजगारी कारण हैं। अधिकांश वोटर भी बिल्कुल उदासीन हैं। हर पांच साल बाद उन्हें अवसर मिलता है नेताओं को उनकी असलियत बताने का। पर जब नेताओं का हिसाब करने का मौका मिलता है तो वे पिछलग्गू बनकर मैनपावर और मनीपावर के चपेटे में ऐसे आते हैं कि उनकी आंखें ही चुंधिया जाती हैं। ऐसे भी वोटर हैं जो हर बार एक ही बात दोहराते हैं कि वे अपना वोट कभी नहीं डालते और इससे उन्हें बहुत शांति मिलती है क्योंकि संसद में जो कुछ हो रहा है, उसकी जिम्मेदारी उन पर नहीं आती। एक बर की बात है अक सुरजा पंडित गंगा स्नान करण हरद्वार जाण लाग्या तो नत्थू बोल्या- दाद्दा मेरे खात्तर एक सुथरा-सा शंख लिआइये। सुरजा हरद्वार जाकै दो-चार दिन खूब घूम्या-फिर?या अर गंगा जी मैं गोत्ते मारे। पर शंख लेणा ए भूल ग्या। गांम धोरै आकै सोच्या अक नत्थू बुरा मनावैगा। इतणे मैं उसकी निगाह राह पै पड़े मरे होये गधे के मुंह पै पड़ी। सुरजे नैं वो ठाके झोले मैं घाल लिया। गांम पहोंच कै सीधा नत्थू के घरां गया अर गधे का मुंह पकड़ाते होये बोल्या- आज रात इसतै गंगाजल मैं डुबोये राख अर काल सवेरै तै बजाणा शुरू करिये। आगले दिन नत्थू नैं शंख बजाया तो फूंक सीधी लिकड़गी। किमें शंख हो तो बोल्लै। नत्थू ठाकै शंख पंडत के चौबारे पै जा पहोंच्या अर नाराजगी मैं बोल्या- यो तेरा शंख बोलता तो कोनीं। सुरजा पंडत बोल्या- भाई बखत बखत की बात है, आज तैं दो-चार महीन्नां पहले तो इसकी अवाज तीन कोस ताहिं सुण्या करती।

पलटूरामों को सबक सिखाने का है वक्त

गुजराती के प्रतिष्ठित कवि हैं वे। उस दिन टेलीफोन पर क्रिकेट मैच देखते हुए अचानक बोले, हम ऐसा क्यों नहीं कर सकते हैं? क्या नहीं कर सकते हैं हम, जब उनसे यह पूछा तो उन्होंने कहा, वही, जो क्रिकेट के दर्शक कर रहे हैं। फिर उन्होंने जैसे समझाते हुए कहा था, हार्दिक गुजरात से खेलता था, वह पाला बदलकर मुंबई की टीम का कप्तान बन गया है। दर्शक इस पलटूराम को स्वीकार नहीं कर रहे, इसलिए उसके खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। हम अपने राजनेताओं के साथ ऐसा क्यों नहीं कर सकते? हमें भी उनका बहिष्कार कर देना चाहिए। और फिर हम हंस दिये थे। यह सवाल सिर्फ हंसने वाला नहीं था। चुनाव का मौसम चल रहा है। आये दिन नेताओं के पाला बदलने की खबरें आ रही हैं। फलाना नेता फलाना दल छोड़कर फलाने दल में चला गया है, फलाना नेता घर-वापसी कर गया है, फलाने नेता ने कल रात दल न बदलने की कसम खायी थी, आज सवेरे वह फिर दल बदलू बन गया है, अखबारों में इस तरह के शीर्षक आम बात हो गये हैं। टी.वी. चैनलों पर चटकारे ले-लेकर इस आशय की खबरों को सुनाया-दिखाया जा रहा है। न दल बदलुओं को अपनी कथनी-करनी पर शर्म आ रही है और न ही राजनीतिक दलों को कोई संकोच हो रहा है उनका स्वागत करने में जिन्हें कल तक वह भ्रष्टाचारी, बेईमान, धोखेबाज जैसे विशेषणों से नवाजा करते थे। मेरा गुजराती कवि मित्र ऐसे ही लोगों की बात कर रहा थाङ्ग पर कौन सुन रहा है उसकी बात? लेकिन इस आवाज को सुना जाना जरूरी है। खास तौर पर जनतांत्रिक व्यवस्था में जहां मतदाता उम्मीदवार की नीतियों, बातों पर भरोसा करके उसे अपना प्रतिनिधि चुनता है। ऐसे निर्वाचित प्रतिनिधियों का कोई अधिकार नहीं बनता कि वे अपने मतदाता के साथ इस तरह की धोखेबाजी करें। हां, ऐसे दलबदलुओं को धोखेबाज ही कहा जा सकता है जिनके लिए येन-केन प्रकारेण सत्ता में हिस्सेदारी करना ही राजनीति का उद्देश्य है। दुर्भाग्य यह है कि इस धोखेबाजी को हमारी राजनीति में ही नहीं, हमारे जीवन में भी स्वीकार कर लिया गया है! जनता की, जनता के लिए, और जनता द्वारा चुनी गयी सरकार वाली व्यवस्था में यह मानकर चला जाता है कि चुने हुए प्रतिनिधि कुछ नीतियों-कार्यक्रमों के आधार पर जनता के हित में काम करेंगे। मतदाता भी कुछ घोषित नीतियों और आश्वासनों के आधार पर अपना प्रतिनिधि चुनते हैं और यह मानकर चला जाता है कि सत्ता में होने के अपने कार्य-काल में चुने हुए नेता और राजनीतिक दलगत उन नीतियों और आश्वासनों के अनुरूप कार्य करेंगे। दलगत राजनीति वाली जनतांत्रिक व्यवस्था में कुछ नीतियों के आधार पर दलों का गठन होता है और यह अपेक्षा होती है कि राजनीतिक दल अपनी घोषित नीतियों के प्रति ईमानदार रहेंगे। पर अक्सर ऐसा होता नहीं। पिछले 75 सालों में हमने राजनीतिक दलों और राजनेताओं की सिद्धांतहीन और अनैतिक राजनीति के ढेरों उदाहरण देखे हैं। इस समय देश में 18वीं लोकसभा की चुनाव प्रक्रिया चल रही है। राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों के चयन में लगे हैं और राजनेता उन राजनीतिक दलों का दामन पकड़ने की कोशिश में हैं जो उन्हें जीत की कच्ची-पक्की गारंटी दे सकते हैं। उम्मीदवारों के चयन का आधार सिर्फ उनके जीतने की संभावनाएं ही हैं। यह बात कोई मायने नहीं रखती कि वे कैसे जीतते हैं- बस जीतना चाहिए। जनतांत्रिक व्यवस्था सिर्फ एक प्रणाली नहीं है, एक जीता-जागता विचार है यह प्रणाली। बहुमत के आधार पर घोषित नीतियों के अनुसार शासन चलाने के लिए व्यक्तियों-दलों को चुना जाता है। उम्मीद की जाती है कि उन नीतियों का पालन होगा। इस प्रणाली में मतदाता सिर्फ अपना प्रतिनिधि ही नहीं चुनता, निर्वाचित प्रतिनिधियों के माध्यम से शासन के संदर्भ में अपने विचार भी स्पष्ट करता है। मतदाता के इन विचारों का सम्मान होना ही चाहिए। पर, इस संदर्भ में हम जो कुछ अपने देश में होता देख रहे हैं, वह कुल मिलाकर निराश ही करता है। पिछले 75 सालों में हमने बार-बार इस बात को देखा है कि चुने जाने के बाद राजनेता और राजनीतिक दल सिर्फ आश्वासनों को ही नहीं भूलते, उन नीतियों-मूल्यों को भी याद रखने की आवश्यकता नहीं समझते जिनकी दुहाई देकर वे सत्ता में पहुंचते हैं। चुने जाने के लिए दल बदलना ऐसे ही सत्ताकामी सोच का उदाहरण है। ऐसा नहीं है कि इस विसंगति की ओर कभी, या किसी का ध्यान नहीं गया। ध्यान गया था। इसीलिए कुछ ऐसी व्यवस्थाएं भी बनायी गयीं जो दल-बदल से उत्पन्न अराजक स्थिति को कुछ संवारे। लगभग चालीस साल पहले वर्ष 1985 में देश में दल-बदल विरोधी कानून भी बना था। पर तू डाल-डाल मैं पात-पात वाली स्थिति बनती रही। दलबदलुओं को हेय दृष्टि से भी देखे जाने की बात कही जाती है, पर व्यवहार में जो कुछ दिख रहा है वह शर्म इनको मगर नहीं आती का उदाहरण ही प्रस्तुत करने वाला है। दल-बदल करने वाले किसी नेता को कभी शर्मिंदा होते नहीं देखा गया।

किशोरों के जीवन से खेलती बुरी लत

दीपिका अरोड़ा

तकनीकी विकास की करिश्माई देन, मोबाइल फोन अपनी विविधता की उपयोगिता के चलते युवाओं तथा बड़े बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक का चहेता बन चुका है। अवयस्कों द्वारा सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताना उनके शारीरिक, मानसिक व नैतिक विकास को प्रभावित कर रहा है। मोबाइल के बढ़ते दुष्प्रभावों पर संज्ञान लेते हुए, हाल ही में अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में नाबालिगों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर पाबंदी लगाने का ऐलान किया गया। इसके अंतर्गत, 14 वर्ष से कम आयुवर्ग के बच्चों के सोशल मीडिया खातों पर रोक रहेगी। सोशल मीडिया के प्रयोग से पूर्व अभिभावकों की अनुमति अनिवार्य होगी। नियमोल्लंघन पर संबद्ध छात्र का मोबाइल जब्त करने एवं आदेश पालन सुनिश्चित बनाने हेतु शिक्षकों को बच्चों के बैग सख़्तीपूर्वक जांचने का अधिकार दिया गया है। सुधारात्मक दृष्टिकोण से इसे एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

फ्रांस सरकार पहले ही अपने देश में इससे संबद्ध कानून लागू कर चुकी है। ब्रिटेन के शिक्षा मंत्रालय ने भी कुछ ही समय पूर्व, छात्रों का व्यवहार संयमित करने तथा पढ़ाई पर एकाग्रता बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यालयों में मोबाइल फोन के प्रयोग पर पूर्ण पाबंदी लगाने संबंधी निर्देश जारी करते हुए कहा कि पाठशाला में इसका प्रयोग पढ़ाई तथा अन्य गतिविधियों में व्यवधान उत्पन्न करता है। बच्चों में मोबाइल की बढ़ती लत के विषय में भारतवर्ष भी अपवाद नहीं। सोशल मीडिया ने मानो बच्चों का बचपन ही छीन लिया है। परम्परागत खेल खेलने की बजाय मोबाइल पर उंगलियां घुमाना बच्चे मनोरंजन का बेहतर उपाय मानते हैं। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक, पांच साल तक के 99 प्रतिशत बच्चे गैजेट एडिक्शन के शिकार हैं। अधिक स्क्रीन टाइम बच्चे के लिए कितना घातक सिद्ध हो सकता है, देश के 66 प्रतिशत अभिभावक इस तथ्य से अनभिज्ञ हैं। हाल ही में हुए एक अध्ययन के अनुसार, 65 प्रतिशत परिवार खाना खिलाते समय बच्चों को टीवी-मोबाइल दिखाते हैं। 12 माह का बच्चा प्रतिदिन 53 मिनट स्क्रीन देखने में बिताता है, 3 वर्ष की उम्र होने तक यह अवधि बढ़कर डेढ़ घंटा हो जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, बचपन में ही मोबाइल की लत लगने से बच्चे अनेक रोगों की चपेट में आने लगते हैं। स्क्रीन टाइम बढ़ने से शारीरिक गतिविधि कम होती है तथा ओवरइटिंग की आदत पनपती है, जिसके फलस्वरूप मोटापा घेरने लगता है एवं अल्पायु में ही मधुमेह, हृदय रोग आदि गंभीर रोगों से पीड़ित होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताना जहां समूची दिनचर्या को प्रभावित करता है, वहीं बच्चों में आलस्य, अनिद्रा, अवसाद, चिंता, तनाव आदि मानसिक समस्याएं बढ़ाने के साथ ही बेचैनी, झल्लाहट तथा हिंसक प्रवृत्ति उपजाने का भी प्रमुख कारण बनता है। अभिभावकों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय न बिताना उन्हें समाज से अलग-थलग कर, आत्मकेंद्रित तो बनाता ही है, उनकी एकाग्रता को भी प्रभावित करता है। विशेषकर, रील बनाने का आधुनिक प्रचलन अवयस्कों को ऐसी आत्ममुग्धता की ओर धकेल रहा है, जिसमें बहुत बार मयार्दाएं भी तार-तार होती दिखाई पड़ती हैं। गैजेट्स पर ज्यादा समय बिताने से बच्चों को बोलने में दिक्कत व समाज में दूसरे लोगों से तारतम्य स्थापित करने में परेशानी महसूस होने लगती है। दूसरे शब्दों में, मोबाइल, टेबलेट, कंप्यूटर आदि का अधिक प्रयोग बच्चों को वर्चुअल ऑटिज्म का शिकार बना रहा है।

मोबाइल टाइम का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव आंखों पर देखने में आया है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, 20 वर्षों के दौरान छोटे बच्चों में मायोपिया की बीमारी तीन गुणा बढ़ गई। इस संदर्भ में अकेले राजधानी दिल्ली की ही बात करें तो 2001 में बच्चों में आंख से कम दिखने की समस्या 7 प्रतिशत थी जो कि 2011 में बढ़कर 13.5 प्रतिशत तक जा पहुंची। कोविड के पश्चात 2021 में किए गए सर्वेक्षण में 20 से 22 प्रतिशत बच्चे मायोपिया की समस्या से ग्रस्त पाए गए, जिसका सबसे बड़ा कारण बच्चों में बढ़ता स्क्रीन टाइम रहा। सोशल मीडिया की लत से बचाने के लिए अभिभावकों से अपेक्षित है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्वक समय देने के साथ ही उनकी हॉबीज को उभारने में भी सहायक बने। फैमिली टाइम के दौरान स्वयं भी मोबाइल से दूरी बनाए रखना निहायत जरूरी है। बच्चों को प्रतिदिन 20-30 मिनट साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करना एवं बैडमिंटन, क्रिकेट, टेनिस जैसी आउटडोर खेलें खेलने हेतु प्रोत्साहित करना बच्चों को शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक रूप से पुष्ट बनाएगा। खेल विशेषज्ञों के अनुसार, रोजाना बाहर खेलने से आंखों की रोशनी में सुधार होता है। अमेरिका, ब्रिटेन तथा फ्रांस सरकारों का यह निर्णय निश्चय ही छात्रों के लिए हितकारी है। इससे न केवल वे पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे बल्कि मोबाइल फोन पर अनुचित सामग्री देखने से भी बच सकेंगे। अपराधीकरण में प्रवृत्त अवयस्कों की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत, भारत जैसे देशों को भी इस संदर्भ में ठोस उपाय ढूंढ़ने चाहिए। बच्चे तो कच्ची माटी की मानिंद हैं, उनके व्यक्तित्व को सही आकार प्रदान करना अभिभावकों, समाज व सरकारों का ही साझा दायित्व है।

आर्थिकी को गति भी देगा अंधाधुंध चुनावी खर्च

मधुरेन्द्र सिन्हा

लोकसभा चुनाव आ गये हैं और पूरे देश में हलचल है। राजनीतिक दल, उनके उम्मीदवार और सरकार सभी सक्रिय हैं। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता प्रचार में निकल पड़े हैं और सभाएं होने लगी हैं। बड़े नेताओं के तूफानी दौरे अब शुरू होने वाले हैं। लेकिन जो सबसे महत्वपूर्ण बात है वह है कि बड़े पैमाने पर पैसा बंटेगा और लगेगा। एक लोकसभा क्षेत्र में चुनाव में खर्च की एक सीमा तय है और लोकसभा चुनाव में इस बार यह 95 लाख रुपये है जो पिछली बार से कहीं ज्यादा है। लेकिन सच्चाई है कि खर्च कई गुना ज्यादा होगा। देश में कुल कितना खर्च होने की संभावना है, इस पर बहस जारी है लेकिन अनुमान है कि इस बार यह पिछले लोकसभा चुनाव से दुगना होगा।

वर्ष 2024 में लोकसभा की 543 सीटों के चुनाव के लिए खड़े उम्मीदवार कितना खर्च करेंगे, यह उनके सामर्थ्य, उनकी पार्टियों और इलाके पर निर्भर करेगा। कई चुनाव क्षेत्र बहुत बड़े होते हैं और काफी खर्चीले भी होते हैं। स्वतंत्र संस्था सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश के 75-80 चुनाव क्षेत्र ऐसे रहे हैं जहां 2019 के चुनाव में हर निर्वाचन क्षेत्र में खर्च औसतन 40 करोड़ रुपये हुआ जबकि खर्च की सीमा महज 70 लाख रुपये प्रति उम्मीदवार थी। संस्था का कहना है कि उस चुनाव में 60,000 करोड़ रुपये खर्च हुए जो अनुमान से कहीं ज्यादा है। इसके पहले यानी 2014 में आम चुनाव में 30,000 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। दिलचस्प बात यह है कि 1999 में कुल खर्च 10,000 करोड़ रुपये था जिसे उस समय भी बहुत अधिक माना गया था।

अब 2024 का यह चुनाव कितना खर्चीला होगा, इसका भी अंदाजा लगाना उचित रहेगा। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस लोकसभा चुनाव में कुल 11.2 खरब रुपये यानी लगभग 14 अरब डॉलर खर्च होंगे। यह राशि पड़ोसी देश पाकिस्तान के कुल सालाना बजट के एक-तिहाई से भी ज्यादा है। और अगर इतना खर्च हुआ तो यह दुनिया का सबसे खर्चीला चुनाव होगा। इसमें सभी राजनीतिक दल और उम्मीदवार की भूमिका होगी। जाहिर है, सत्तारूढ़ दल सबसे ज्यादा खर्च करेगा। कई निर्वाचन क्षेत्रों में रिकॉर्ड खर्च होगा। सरकारी एजेंसियों की रोक-टोक के बावजूद खर्च में कमी नहीं आएगी क्योंकि सवाल फिर वही यानी अस्तित्व का है और कोई भी हारना नहीं चाहता है। हर उम्मीदवार चाहे वह दमदार न हो, बड़ा खर्च करने से बाज नहीं आ सकता है, क्योंकि एक जीत उसकी जिंदगी बदल सकती है।

चुनाव में उम्मीदवार तरह-तरह के खर्चों के लिए पैसे लगाते हैं जिनमें कार्यकताओं से लेकर व्यवस्था करने वाले ठेकेदारों को बड़ी राशि मिलेगी। लोकसभा चुनाव में हर उम्मीदवार को हजारों कार्यकताओं की सेवा लेनी होती है। हर बूथ पर कार्यकर्ता रखने से लेकर प्रचार करने तक। वह जमाने गये जब पार्टी या उम्मीदवार के नाम पर कार्यकर्ता खुद ब खुद आ जाते थे और अपना योगदान देते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं होता है, कार्यकर्ता की हैसियत और उसकी ताकत के हिसाब से उसे पैसे मिलते हैं जो वह उस पूरी चुनाव अवधि यानी दो या तीन महीने तक पाता रहता है। यह भी एक तरह का रोजगार है। ऐसे ही पैसे ट्रांसपोर्टरों, रसोइयों, खाने-पीने का सामान बेचने वालों, होटलों-रेस्तरां, प्रिंटिंग प्रेस वालों, संचार साधनों की व्यवस्था करने वालों को भी मिलते हैं। इसकी भी संख्या लाखों में होती है। झंडे-पर्चे की अगर पार्टी ने व्यवस्था कर दी तो ठीक है अन्यथा उम्मीदवार खुद ही उन पर खर्च करता है और यह राशि मोटी होती है। राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों की मदद के लिए कई तरह से खर्च करते हैं। यह सारा खर्च लगातार बाजार में पहुंचता रहता है। ऐसे ही एक अवधि तक लगातार पैसे खर्च होते रहते हैं और फिर अर्थव्यवस्था में ही जाते हैं।

ऐसा नहीं है कि चुनाव में सिर्फ उम्मीदवार, राजनीतिक दल या उनके समर्थक ही पैसा खर्च करते हैं। सरकारें भी बड़े पैमाने पर खर्च करती हैं। कर्मचारियों तथा पैरा मिलिट्री फोर्सेज के जवानों की तैनाती, उनके खाने-पीने से लेकर वाहनों की व्यवस्था पर सरकारें बड़े पैमाने खर्च करती हैं। इसके अलावा भी अन्य तरह के सामानों की खरीद की जाती है जिस पर भारी खर्च आता है। यह खर्च भी अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन जाता है। खरीदारी और खपत बढ़ती जाती है।

भारतीय अर्थव्यवस्था खपत पर आधारित है और इसका विकास खपत पर ही निर्भर करता है। आपको याद होगा कि श्रीमती निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में यह बात कही थी कि देश में घरेलू खपत बढ़ने से अर्थव्यवस्था पर अच्छा असर पड़ा है। जीडीपी के विकास की दर बढ़ी है। पूंजी प्रवाह से ही हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ती है। इस बार इतना धन आ रहा है कि इसका असर निश्चित रूप से पड़ेगा। चुनाव जैसे मामले में जहां पैसा संबद्ध लोगों को मिलता है वहां खर्च भी तेजी से होता है। इस धन का बड़ा हिस्सा व्हाइट मनी नहीं होता है और चंदे वगैरह के रूप में आता है जो बैंकों वगैरह में फिर जमा नहीं होता है बल्कि सीधे खर्च कर दिया जाता है। खर्च करने की यह प्रक्रिया अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों में तेजी लाती है। चुनाव में लाखों लोगों को अस्थायी रोजगार मिलता है और उनके पारिश्रमिक का पैसा भी खर्च होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां नकदी का प्रवाह कम होता है वहां चुनाव के समय काफी हलचल रहती है क्योंकि उम्मीदवारों या पार्टियों का पैसा उन तक पहुंचता है। यह उनके काम आता है और वे खरीदारी करते हैं तथा खपत बढ़ाते हैं। यह सरकारी योजना मनरेगा की ही तरह है जहां उन्हें थोड़े समय के लिए ही सही पारिश्रमिक मिलता है और उनके खर्च पूरे करने में काम आता है। यह खपत बड़े पैमाने पर होती है और इससे काफी पैसा इधर से उधर होता है। इससे बाजारों में तेजी आ जाती है।

बेशक यह अस्थायी है लेकिन इसका असर दूरगामी होता है। कई मामलों में इसका असर चक्रीय भी होता है। कुछ क्षेत्रों में यह फिर निवेश की तरह काम करता है जिसके अपने फायदे हैं। इस बार संभावना है कि इतनी बड़ी राशि यानी 14 अरब डॉलर तक खर्च हो सकता है। यह राशि पाकिस्तान के सालाना बजट का एक-तिहाई है और यह अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों पर असर डालेगा। इसका सकारात्मक असर अवश्य दिखाई देगा और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इंतजार कीजिये चुनाव खत्म होने का।

चुनावी वेला में कच्चाथिवु के किंतु-परंतु

पुष्परंजन

रामेश्वरम से कच्चाथिवु द्वीप की दूरी मात्र 25.9 किलोमीटर है। श्रीलंका के बहुचर्चित जाफना जिले का हिस्सा है यह द्वीप। 1.6 किलोमीटर लंबे और 300 मीटर चौड़े इस द्वीप पर दस साल बाद अचानक से प्रधानमंत्री मोदी का ध्यान गया है, वो भी सूचना के अधिकार की वजह से। तमिलनाडु के बीजेपी प्रेसिडेंट के. अन्नामलाई ने आरटीआई के जरिये यह जानकारी नहीं ली होती, तो क्या द्वीपहरण का यह सनसनीखेज मामला दबा रह जाता? डीएमके ने जब केंद्र पर दोषारोपण शुरू किया, जवाब में विदेशमंत्री एस. जयशंकर बोले, मैंने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को 21 बार कच्चाथिवु द्वीप के बारे में जानकारी दी थी। मगर, सवाल यह है कि पीएम मोदी को यह जानकारी आरटीआई से मिलती है, संबंधित मंत्रालय से क्यों नहीं मिली? इस प्रश्न का बेहतर उत्तर विदेशमंत्री एस. जयशंकर ही दे सकते हैं।

कच्चाथिवु पर विवाद का नवीनतम दौर 31 मार्च, 2024 को प्रधानमंत्री मोदी के एक ट्वीट के साथ शुरू हुआ, जिसमें तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष को मिली आरटीआई रिपोर्ट के हवाले से दावा किया गया था कि कांग्रेस पार्टी ने कच्चाथिवु द्वीप को जून, 1974 में बेवकूफी से श्रीलंका को दे दिया। इसके प्रकारांतर पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, आंखें खोलने वाली और चौंका देने वाली! नए तथ्यों से पता चलता है कि कैसे कांग्रेस ने बेरहमी से कच्चाथिवु द्वीप को छोड़ दिया। इससे हर भारतीय नाराज है।

सबसे दिलचस्प इस राजनीतिक युद्ध में तथ्यों का छिपाना और उसे तोड़-मरोड़ कर पेश करना भी रहा है। अशोक के. कंठ 2009 से 2013 के बीच कोलंबो में भारत के उच्चायुक्त तैनात थे। उनका मानना है कि भारत ने जितना श्रीलंका को दिया, उससे कहीं अधिक बड़ा और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण इलाका 1976 में हासिल कर लिया था। 23 मार्च, 1976 को भारत-श्रीलंका समझौते ने वाड्ज बैंक को भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र के हिस्से के रूप में मान्यता दी, जिससे भारत को वहां के विपुल प्राकृतिक संसाधनों पर सार्वभौम अधिकार मिल गया था। अब सोचा जा सकता है कि यह डील मूर्खतापूर्ण थी, या कि दूरगामी रणनीतिक समझदारी वाली। भारत ने 2024 की शुरूआत में ही वाड्ज बैंक इलाके में तेल की खोज के वास्ते टेंडर निकाला था, उस वजह से श्रीलंका ने स्वयं अपने मछुआरों को वहां जाने पर रोक लगा दी।

दरअसल, बीजेपी के लक्ष्य में तमिलनाडु का मछुआरा वोट बैंक है, उन्हें अपने आईने में उतारने को लेकर यह सारी कहानी बुनी गई है। गुजरात के बाद तमिलनाडु वो राज्य है, जहां समुद्री तटरेखा 1076 किलोमीटर लंबी है। तमिलनाडु के 38 में से 15 जिले तटीय हैं, जो पुदूचेरी समेत 40 लोकसभा सीटों में से आधे को प्रभावित करते हैं। मछुआरा समुदाय आये दिन श्रीलंकाई तटरक्षकों के हत्थे चढ़ता

है। इनकी गिरफ्तारियां बीच समंदर होती हैं। इनके बोट जब्त होते हैं। कुछ हफ्तों बाद ये छूटते हैं, लेकिन इस बीच जमकर राजनीति होती है। तमिलनाडु फिशिंग रेगुलेशन एक्ट-1983 के अनुसार, राज्य के मछुआरे केवल तीन नॉटिकल माइल्स तक जाकर मछली का शिकार कर सकते हैं। यों अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा नौ नॉटिकल माइल्स तक है, मगर बाज दफा मछुआरे उसे भी पार कर जाते हैं, परिणामस्वरूप वो पकड़े जाते हैं, फिर एक बड़ा इश्यू बनता है।

जून, 2011 में, तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता के नेतृत्व वाली सरकार ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर 1974 और 1976 के समझौतों को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की थी। हालांकि, केंद्र सरकार ने जयललिता के तर्कों पर आपत्ति जताई, जिसमें कहा गया था, भारत से संबंधित कोई भी क्षेत्र नहीं दिया गया था, न ही संप्रभुता छोड़ी गई थी, क्योंकि इसका कभी सीमांकन नहीं किया गया था। दोनों समझौतों की वैधता की पुष्टि अगस्त, 2014 में भारतीय अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी ने की थी। उन्होंने भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश आरएम लोढा के नेतृत्व वाली सर्वोच्च न्यायालय की पीठ से कहा था, यदि आप कच्चाथिवु की वापसी चाहते हैं, तो आपको इसे पाने के लिए युद्ध में जाना होगा।

श्रीलंका ने मुकुल रोहतगी के बयान के हवाले से सवाल करना शुरू किया है, कि क्या भारत, यूक्रेन युद्ध को इस इलाके में दोहराना चाहता है? श्रीलंका में भारत के तीन अत्यधिक सम्मानित पूर्व भारतीय उच्चायुक्त, शिवशंकर मेनन, निरूपमा राव और अशोक के. कंठ, जिनमें से दो ने बाद में विदेश सचिव के रूप में पद संभाला था, कच्चाथिवु पर पीएम मोदी के कमेंट्स से इत्तेफाक नहीं रखते। पीएम मोदी जिसे बेवकूफाना हरकत बताते हैं, वह समझौता 1974 में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान दो श्रीलंकाई प्रधानमंत्रियों, डडले सेनानायके (1965-1970) और श्रीमती सिरिमाओ भंडारनायके (1970-1977) के अथक बातचीत के बाद संपन्न हुआ था।

तीन हजार वर्गमील के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन वाड्ज बैंक को भारत ने हासिल करने के बदले यदि 1.9 वर्ग किलोमीटर का कच्चाथिवु श्रीलंका को दे भी दिया, तो इसे मूर्खतापूर्ण कैसे कह सकते हैं? फिशरी सर्वे ऑफ इंडिया का कहना है कि वाड्ज बैंक में 4,000 वर्ग मील का क्षेत्र शामिल है। इसके विपरीत कच्चाथीवु केवल 285 एकड़ का एक निर्जन द्वीप है। कोलंबो से प्रकाशित अखबार, द आइलैंड ने मन्नार की खाड़ी में अवस्थित वाड्ज बैंक के बारे में अपने संपादकीय में लिखा, श्रीलंका को अभी तक यह समझ में नहीं आया है कि उसने मन्नार में अपने सदियों पुराने मोती मत्स्य पालन प्रजनन स्थल और प्रचुर तेल भंडार वाले इलाके को खो कैसे दिया, जिसके लिए यह द्वीप कई शताब्दियों से जाना जाता था।

मोदी के बयानों के बरअक्स श्रीलंका के मंत्रियों ने मोर्चा खोल रखा है। पहले वहां के विदेशमंत्री और अब श्रीलंका के मत्स्य मंत्री डगलस देवानंद ने गुरुवार को जाफना में कहा, यह भारत में चुनाव का समय है, कच्चाथिवु के बारे में दावों और प्रतिदावे का ऐसा शोर सुनना असामान्य नहीं है। मुझे लगता है कि भारत इस जगह को सुरक्षित करने के लिए अपने हितों पर काम कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि श्रीलंकाई मछुआरों की उस क्षेत्र तक कोई पहुंच न हो और श्रीलंका को उस संसाधनपूर्ण क्षेत्र पर किसी भी अधिकार का दावा नहीं करना चाहिए। इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहेंगे कि चुनावी फायदे के लिए हम गड़े मुर्दे उखाड़ रहे हैं। दूसरी ओर श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणावर्द्धन चीन से नौ समझौतों पर बुधवार को हस्ताक्षर कर आये हैं। चीन चुनाव तक श्रीलंका में सक्रिय रहेगा, इसे नई दिल्ली न ही भूले!

रसोई गैस सिलेंडर के फटने से घर गृहस्थी का सामान जला

पिंडरा। सिंधोरा थाना क्षेत्र के अमौत (जेंगर) में रसोई गैस सिलेंडर के फटने से एक कच्चे घर के साथ कई कच्चे घरों के सामान जलकर राख हो गए। घटना से कोहराम मच गया। घटना सोमवार की सुबह 11 बजे की बताई जाती है। बताते है कि रामसकल कहार के घर की महिलाएं खाना बना रही थी। तभी रसोई घर मे रखे गैस सिलेंडर में रिसाव से आग लग गया। जिसके बाद घर के सभी सदस्य तो बाहर निकल गए लेकिन पालतू पशु अंदर रह गए। आग बिकराल रूप लेने के साथ आसपास के दो परिवारों के आधा दर्जन घरों को अपने चपटे में ले लिया। जिससे कच्चे घर जलकर राख हो गए। रामसकल के पुत्र बबलू ने बताया कि विस्फोट के साथ आग इतनी तेजी से फैली की किसी को कोई मौका ही नही मिला और घर गृहस्थी के सभी सामान जलकर राख हो गए। आगजनी में दो बकरी जहाँ मर गई वही दो गाय भी झुलस गए। विधायक डॉ अवधेश सिंह ने इसकी सूचना एसडीएम पिंडरा को दी। जिसपर मौके पर कानूनगो व लेखपाल पहुच कर क्षति के आकलन में जुट गए। वही पीड़ित परिवार घटना के बाद खुले आसमान के नीचे आ गया।

आपसी विवाद में खूनी संघर्ष एक की मौत, तीन घायल

प्रखर वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के गोसाईपुर चौकी अंतर्गत ग्राम सभा नेहिया में दलित बस्ती में बीती रात दो पक्षों में लाठी-डंडे से जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक ही परिवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान रमेश राम (55) की मौत हो गई। तनाव को देखते हुए सीपी वाराणसी ने गांव में पुलिस तैनात करने का निर्देश दिया है।रविवार देर रात नेहियां गांव के दलित बस्ती के रमेश राम ने गांव के पास सड़क किनारे कुछ लोगों को बैठने का विरोध किया तो दोनों पक्षों में कहा-सुनी हो गई। देखते-देखते लाठी-डंडे से मारपीट होने लगी। इसमें रमेश (55) उसका भाई ज्वाला (65) पुत्र जितेंद्र (35) मिथुन (30) गंभीर रूप से घायल हो गए।मारपीट की सूचना ग्रामीणों ने डायल 112 पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी लोगों को एंबुलेंस द्वारा इलाज के लिए पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया, जहां घायलों की गंभीरता को देखते हुए डाक्टरों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां रमेश की इलाज के दौरान मौत हो गई। बचे तीन घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। चौकी प्रभारी गोसाइपुर विकास कुमार ने बताया कि मृतक के भतीजे सुरेश की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव में पुलिस लगा दिया गया है।

मानव सभ्यता पर जलवायु परिवर्तन का गहरा असर

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्थित रज्जू भैया संस्थान के अर्थ एंड प्लेनेटरी साइंसेज विभाग में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यशाला में सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ध्रुवसेन सिंह ने जलवायु परिवर्तन एवं प्राकृतिक आपदाओं पर उसके प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर होने वाली प्रत्येक आपदाएं कहीं न कहीं जलवायु परिवर्तन पर आधारित है । उन्होंने कहा कि पृथ्वी के इतिहास में मानव सभ्यता के पहले भी जलवायु परिवर्तन होते रहे हैं परंतु आज की परिस्थितियों में मानवजनित गतिविधियों की वजह से उसकी दर प्रभावित हो रही है जो बड़ी चिंता का कारण है ।उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की अपेक्षा पर्यावरण प्रदूषण में मानवजनित गतिविधियों का अधिक योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रकृति अपना बैलेंस खुद बनाती है और अपनी जरूरतों का पूरा कर सकती है लेकिन वर्तमान समय में विकास की होड़ में प्रकृति पर बहुत बुरा असर हुआ है। प्रो. ध्रुवसेन ने से आर्कटिक पोल पर भारत के ग्लेशियरों के अध्ययन के लिए स्थगित भारत के स्टेशन हिमाद्रि की स्थापना एवं अन्य वैज्ञानिक आयामों पर विस्तार से चर्चा की। द्वितीय सत्र में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर बी. पी. सिंह ने विंध्य पहाड़ियों में पूरा-भूकंपीय तरंगों के परिणामस्वरूप बनने वाली विभिन्न संरचनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सोनभद्र, मिजार्पुर चित्रकूट जिले की विंध्य पहाड़ियों में तमाम ऐसी संरचनाएं मिलती हैं जो ये सुनिश्चित करती हैं कि पूर्व में यह परिक्षेत्र भूकंप का बड़ा केंद्र था।

पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का हुआ समापन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कॉलेज गाजीपुर के बीएड विभाग के अंतर्गत पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर प्राचार्य डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय उपस्थित रहे। डॉक्टर पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्काउट गाइड की दीक्षा से जुड़े संस्कार के महत्व को विद्यार्थियों को समझना चाहिए। इसके मूल उद्देश्य को अंगीकार करते हुए समाज और राष्ट्र को उन्नत बनाने की दिशा में स्काउट गाइड से जुड़े युवाओं को आगे आना चाहिए ।उन्होंने यह भी कहा कि 2047 तक एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने में स्काउट गाइड के वॉलिंटियर्स की बड़ी भूमिका हो सकती है। बीएड विभाग। के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर एसडी सिंह परिहार ने परीक्षार्थियों को अपने अंदर बुराइयों को समाप्त करने और अच्छाई को जीवन पर्यंत ग्राहक के रखने की बात कही। डॉ परिहार ने यह भी कहा कि आपदा की स्थितियों में वॉलिंटियर्स को सामाजिक कार्यों में सहयोग देने के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए ।प्रशिक्षण शिविर के दौरान सीखे हुनर को उन्हें अपने जीवन को बेहतर बनाने में उपयोग में लाना चाहिए। इस पांच दिवसी कैंप में पहले दिन प्रार्थना झंडा, सामुहिक गीत,टोली की जानकारी ,टोली का नामकरण आदि प्रतिभागियों को बताया गया। कैंप के दूसरे दिन ध्वज शिष्टाचार, स्काउटिंग आंदोलन, सिटी संकेत यूनिट लीडर का विधिवत प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण दिया गया। तीसरे दिन ध्वज फहराने के नियम टेंट निर्माण, सर्वधर्म प्रार्थना आदि के गुण सिखाए गए। वहीं चौथे दिन ग्रैंड सेल्यूट, गांठ एवं बंधन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन दीक्षा संस्कार के साथ ही कैंप का समापन हुआ। इसके साथ ही अलग-अलग दिन स्काउट गाइड के अलग-अलग अन्य विशेषताओं से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण शिविर में शिक्षक के तौर पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त डॉक्टर मनोज कुमार मिश्रा,प्रोफेसर अरुण कुमार यादव,डॉ रामदुलारे ,डॉक्टर सुनील कुमार शाही ,डॉक्टर योगेश कुमार ,डॉक्टर कके पटेल, डॉक्टर अमरजीत, नीरज, सुनील, मुरारी, गुड्डू एवं महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलमकारों ने खेली पंखुड़ियों से होली, कार्यक्रम में पुरस्कृत किये गये प्रिंट मीडिया के छायाकार

प्रखर वाराणसी। परस्पर भाईचारे का संदेश देते हुए कलमकारों ने पराड़कर स्मृति भवन में धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया` काशी पत्रकार संघ से संचालित वाराणसी प्रेस क्लब के तत्वावधान में पुष्प वर्षा के बीच सुरों से सराबोर सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीतकारों ने माहौल को खुशनुमा बना दिया इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर अशोक कुमार तिवारी ने कहा पत्रकारों एवं छायाकारों का काम हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहा है` काशी के पत्रकार व छायाकार सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाते हैं उन्होंने कहा कि एक सेवक के रूप में मैं काशी की सेवा कर रहा हूं जहां कहीं भी कमी दिखे पत्रकार बन्धु इसके लिए सचेत करें। इस मौके पर महापौर ने एस अतिबल छायाचित्र प्रतियोगिता के लिए चंदन रूपानी को प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार और नरेन्द्र यादव को तृतीय पुरस्कार सौंपा ,प्रदीप तिवारी स्मृति पुरस्कार उज्ज्वल गुप्ता,मंसूर आलम स्मृति पुरस्कार रोहित सोनकर एवं विजय सिंह स्मृति पुरस्कार चन्दन रूपानी को मिला` वर्ष-2024 का छायारत्न पुरस्कार ओमप्रकाश राय चौधरी को दिया काशी पत्रकार संघ के अध्यक्ष अत्रि भारद्वाज, महामंत्री अखिलेश मिश्र व प्रेस क्लब के मंत्री विनय शंकर सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया वाराणसी प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरुण मिश्र ने कार्यक्रम का संचालन किया। समारोह में पूर्व अध्यक्ष योगेश गुप्त, कृष्णदेव नारायण राय, बी बी यादव, राजनाथ तिवारी, सुभाषचन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी, क्लब के कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, जितेन्द्र श्रीवास्तव, अजय राय, दीनबन्धु राय, कैलाश यादव, रोहित चतुर्वेदी, शैलेश चौरसिया, कुमार अजय, राजेश राय, अजय मुखर्जी, रमेश राय, देव कुमार केशरी, पुरूषोत्तम चतुर्वेदी, राजेन्द्र यादव, सुनील शुक्ला, हरिबाबू श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव, मुन्ना लाल साहनी, गोकुल शर्मा, मनीष चौबे, नियाज अली मंजू आदि मौजूद थे।

पिंडरा तहसील के अधिवक्ता आज रहेंगे न्यायिक कार्य से विरत

पिंडरा। पिंडरा तहसील के वकील मंगलवार को तहसील के वकील के ऊपर फर्जी हत्या का मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है। तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के पूर्व बार अध्यक्ष श्रीनाथ गोंड के अध्यक्षता में हुई बैठक में वकीलों ने फूलपुर पुलिस द्वारा तहसील के अधिवक्ता अरुण दुबे और उनके पुत्रो के खिलाफ हत्या का मुकदमा फर्जी ढंग से दबाव में दर्ज करने का आरोप लगाते हुए पुलिसिया कार्यप्रणाली पर आक्रोश जताया और इसके विरोध में मंगलवार को पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। इस दौरान बार अध्यक्ष उदयनाथ भारती, महामंत्री चंद्रभान सिंह, नवीन सिंह, विन्दु सोनकर, विपुल मिश्रा, राकेश मिश्रा, सुधीर राय व श्यामशंकर सिंह समेत बार के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

गाजीपुर लोकसभा चुनाव में त्रिकोणीय लड़ाई पर बसपा को होगा फायदा

प्रखर ब्यूरो, गाजीपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर गाजीपुर में सरगर्मी बढ़ गयी है। वहीं बसपा का गठबंधन में शामिल नहीं होने के बाद गाजीपुर लोकसभा में यह तो साफ है कि चुनाव में त्रिकोणीय लड़ाई देखने को मिलेगी। बसपा का कोर वोटर बीते लोकसभा सांसद के सपा में चले जाने से खफा है। वह इस बार पार्टी को मजबूत करते हुए जीत के लिए कमर कस लिये है। वहीं पिछड़ों की आबादी भी बसपा के शासन काल में किये गये कार्यों को याद करते हुए साथ दिख रही है। गाजीपुर में वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा, बसपा व सपा के लिए महत्वपूर्ण हो गयी है। भाजपा की ओर से पार्टी के उम्मीदवार का चयन नहीं होने के कारण एक धड़ा नाराजगी के साथ बसपा की ओर से जाते हुए दिख रही है। राजनीतिक सलाहकारो के अनुसार राजपूत, ब्राह्मण व कायस्थ सहित मुसलमान सामाज के लोगों की नाराजगी भाजपा से वर्तमान समय में दिख रही है, यदि बसपा सर्वण प्रत्याशी उतारती है तो गाजीपुर के लोकसभा चुनाव का परिदृश्य कुछ और ही होगा। उनका कहना है कि यह तो साफ है कि चुनाव में त्रिकोणीय लड़ाई देखने को मिलेगी। त्रिकोणीय लड़ाई होने से बसपा को उन सीटों पर भी फायदा होने की उम्मीद है जहां खासतौर से मुस्लिम, दलित व पिछड़ों की आबादी अधिक है।

मानवता की निरंतर सेवा में ब्रेथ ईजी के 15 वर्ष पूर्ण, ब्रेथ ईजी ने मनायी निःशुल्क स्वास्थ्य मेला से उत्कृष्ट सफलता की 15 वीं वर्षगांठ

प्रखर वाराणसी। ब्रेथ ईजी चेस्ट सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, अस्सी वाराणसी के 15वीं वर्षगाँठ के अवसर पर 8 अप्रैल सोमवार को एक निःशुल्क विशाल चिकित्सा स्वास्थ मेला का आयोजन ब्रेथ ईजी अस्पताल अस्सी वाराणसी पर किया गया जिसमे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आए 514 मरीजो का स्वास्थ परिक्षण किया गया जिसमे 51 ब्राह्मण छात्र बटुक भी शामिल थे` स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलन करके मुख्य अतिथि सौरभ श्रीवास्तव विधायक वाराणसी कैंट गेस्ट ऑफ ऑनर अशोक पाण्डेय (प्रदेश प्रवक्ता बीजेपी), प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ.आर.के भाटिया एवं ब्रेथ ईजी हॉस्पिटल की निर्देशिका डा.सुनीता पाठक एवं ब्रेथ इजी के मेडिकल डायरेक्टर डॉ.एस.के पाठक ने संयुक्त रूप से किया` इस चिकित्सा शिविर में मरीजों का कंप्यूटर मशीन द्वारा फेफड़े की जाँच, रक्त में ऑक्सीजन मात्रा की जाँच, ब्लड शुगर/ एलर्जी की जांच , ब्लड प्रेशर की जाँच, चेस्ट एक्सरे आदि की जाँच की गयी क चिकित्सा शिविर में आए सभी मरीजों को निःशुल्क दवा वितरण के साथ-साथ लंच पैकेट का भी वितरण ब्रेथ ईजी प्रबंधन द्वारा किया गया इस अवसर पर डॉ.एस.के पाठक ने बताया ब्रेथ ईजी अस्पताल पूर्वांचल का एक मात्र अग्रणी चेस्ट केयर अस्पताल बन गया है जहाँ पर मरीजो का कम समय व कम खर्च में जाँच,ईलाज व भर्ती की उत्कृष्ट सुविधा मिल जाती है। ब्रेथ जी समय-समय पर स्वास्थ्य जागरूकता रैली,कैंप कर-के लोगो को श्वास रोगों के प्रति सजग कराता रहता है जो एक स्वस्थ समाज के लिए जरूरी है ब्रेथ ईजी की निदेशिका डा सुनीता पाठक ने बताया ब्रेथ ईजी में अब तक 1.5 लाख से भी ज्यादा मरीजों का उपचार किया` 50000 से ज्यादा मरीजों की जान बचायी गयी हैं जोकि गंभीर श्वांस की बीमारी से ग्रसित थे हजारों स्वास्थ जन जागुरूकता रैली भी निकाली गई। विगत 15 वर्षो में ग्रामीण, कस्बों,एवं शहरी क्षेत्र में तीन हजार से ज्यादा निःशुल्क स्वास्थ कैंप लगाए गए आम नागरिकों स्वस्थ लाभ पहुंचाया गया ।ब्रेथ ईजी द्वारा विगत 15 वर्षों में अब तक 50000 से अधिक जनरल प्रेक्टिसनर व स्वास्थकर्मियों को विभिन्न मेडिकल सेमिनार द्वारा प्रशिक्षित किया जो दमा, टी.बी, एलर्जी आदि बीमारी का पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। सौरभ श्रीवास्तव विधायक वाराणसी कैंट ने बताया ब्रेथ ईजी द्वारा समय-समय पर विभिन्न ग्रामीण व शहरी क्षेत्रो में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन एवं स्वास्थ जागरूकता रैली किया जाता रहा है ` चिकित्सा क्षेत्र में इस उलेखनीय योगदान के लिए ब्रेथ ईजी के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. एस.के पाठक को शुभकामना देता हूँ डॉ पाठक एक कुशल चिकित्सक के साथ -साथ एक समाज सेवक भी हैं जो समय- समय पर गरीब एवं असहाय मरीजों की सेवा करते रहते हैं` ब्रेथ ईजी की निदेशिका सुनीता पाठक ने बताया कि ब्रेथ ईजी,विगत 15 वर्षो में स्वास्थ सम्बंधित रोगों के बचाव व उपचार के लिए पूर्वांचल में एक स्तभ बिंदु बन गया है जहाँ पर गंभीर श्वांस के मरीज, एलर्जी व टी.बी.के मरीज का इलाज कम समय व कम खर्च में संभव हो जाता है ब्रेथ ईजी मे अब प्रत्येक शुक्रवार को मरीजों को निः शुल्क ओपीडी की भी सुविधा दी जा रही है` डॉ.पाठक ने बताया ब्रेथ ईजी चेस्ट फाउंडेशन फॉर ह्यूमैनिटी का गठन समाज को जागरूक करने के लिए किया गया हैं यह संस्था गाँव व आस-पास के क्षेत्र के हर उस वर्ग के लोगो को चिकित्सकीय सहायता करता है जिसे उसकी जरूरत है ताकि हम एक स्वस्थ्य भारत के निर्माण में अपनी मुख्य भूमिका निभा सके। ब्रेथ ईजी फाउंडेशन की पूरी टीम ने स्वास्थ्य शिविर में आये हुए मरीजो के स्वास्थ्य चेक अप में सहयोग प्रदान किया साथ में डा.एस के पाठक ने मरीजों एवं अपने स्वास्थ सहयोगी तथा मरीजों के साथ केक काटकर लोगो के प्रति आभार जताया` कार्यक्रम में ब्रेथ ईजी हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉक्टर स्वप्निल पाठक,डॉ. धीरेन्द्र सिंह, डॉ. सौरभ पटेल, डॉ. साक्षी पाठक एवं ब्रेथ ईजी चेस्ट फाउंडेशन फॉर ह्यूमैनिटी के सदस्य सुनील उपाध्याय, अभिषेक केशरी, अश्विनी पाठक,अशोक सिंह, पुरषोत्तम चतुर्वेदी, राहुल चक्रवाती, अखिलेश,मनोज, रतन, विनीत आदि लोगों ने सहयोग प्रदान किया।

संक्षिप्त खबरें

ग्रामीण पत्रकारों एसोसियेशन की बैठक सम्पन्न, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई मुहम्मदाबाद की एक आवश्यक बैठक का आयोजन रविवार को मुहम्मदाबाद तहसील इकाई का मुख्यालय कैंप कार्यालय में आहुत किया गया । जिसमें संगठन को मजबूत बनाने तथा पत्रकारों की समस्याएं एवं अन्य मुद्दों पर विचार किया गया। साथ ही वर्ष 2024 का सदस्यों को आईडी कार्ड वितरण किया गया । बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष रामविलास पांडे एवं संचालन प्रदीप कुमार पाण्डेय ने किया । उक्त अवसर पर जय कुमार पाण्डे, मुन्ना यादव, मोहम्मद तौकिर, रेयाज अहमद, अभिषेक तिवारी, इस्राइल अंसारी, अंगद दुबे, संतोष गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, झुलाना यादव, सोने कुरैशी जय ,गोविंद गुप्ता राजकपूर रावत आदि उपस्थित रहें।

समाजसेवी अनिकेत चौहान के नेतृत्व में 102 ग्रामीणों में हुआ चश्मा वितरण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जखनियां ब्लाक के शहीद वीर अब्दुल हमीद नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामूपुर पर नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ मनोज कुमार द्वारा उपलब्ध कराये गये चश्मा का निःशुल्क वितरण किया गया। जिसके तहत शनिवार को चश्मा वितरण कार्यक्रम में निशुल्क चश्मे वितरित किए गए है। समाजसेवी अनिकेत चौहान के नेतृत्व में 102 ग्रामीणों के बीच मुफ्त में चश्मा वितरण किया गया। इसकी जानकारी देते हुए डॉ मनोज कुमार एव समाजसेवी अनिकेत चौहान ने बताया कि 4 माह पूर्व गांव में 105 ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण किया का गया था। इसके बाद आज उन सभी के बीच मुफ्त में चश्मा का वितरण किया गया है, चिकित्सा प्रभारी डॉ अजय कुमार ने कहा कि गरीब और असहाय ग्रामीणों की मदद की जानी चाहिए। चश्मा वितरण के मौके पर फार्मासिस्ट डॉ रामसुरेश चौरसिया, लैंब असिस्टेंट ललित कुमार, वार्ड ब्वाय निसार अहमद, अखिलेश, व अर्चना देवी , एनम प्रतियोगिता राय, स्टाप नर्स सहित कई लोग मौजूद रहे । गायत्री देवी, माया प्रजापति, सुमित्रा देवी, नागेंद्र प्रजापति, देवनाथ, विद्या देवी, सुगनी देवी, शशिबाला देवी, सुरेश राम, ममता देवी, सुभावती देवी , अनिता देवी, रमावती देवी, चिंता देवी आदि लोगो चश्मा वितरण किया गया।

विदुषी के भजनों से गूंज उठा त्रिवेणी आर्ट गैलरी

प्रखर वाराणसी। प्रतिष्ठित त्रिवेणी आर्ट गैलरी रवींद्रपुरी में त्रिवेणी संगीत सभा की ओर से आयोजित भजन संध्या में दीयमान गायिका विदुषी वर्मा ने प्रभु श्री राम के महिमा का गुणगान अपने सुमधुर गायन द्वारा करके पूरे सभागार को राममय बना दिया विदुषी ने अपने गायन का शुरूआत रामचरितमानस एवं विनय पत्रिका के प्रमुख पदों से किया` तत्पश्चात राम नाम का अमृत पी ले से राम स्तुति, राम का गुणगान करिए, पायो जी मैंने राम रतन धन पायो, निर्धन के धन राम, राम राम जय राम तथा अंत में उपस्थित सुधी श्रोताओं की मांग पर पारंपरिक चैती गाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया` तबला पर डॉ.संदीप राव केवले व हारमोनियम पर हर्षित उपाध्याय ने सधी संगत प्रदान की` कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ.सिद्धार्थ लखोटिया,डॉ.उमा जायसवाल,डॉ.ऋचा अल्का देव, श्याम सुंदर अग्रवाल, कृष्ण कुमार काबरा , चंद्रशेखर सेठ, अमित जोहरी, किशन सोनी, ओम प्रकाश सेठ,गोपाल सेठ, सुनिधि राय, किशन चौहान,मोहित सोनी,सुचित्रा चक्रवर्ती एवं युविका जौहरी उपस्थित रहे` कार्यक्रम की परिकल्पना और संयोजन सरिता लखोटिया एवं धन्यवाद ज्ञापन सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. सुभाष लखोटिया ने किया , कार्यक्रम का कुशल संचालन अंजना झा ने किया।

इंतजामिया कमेटी ने लावारिश शव का करवाया अंतिम संस्कार

प्रखर जौनपुर। थाना रामपुर से प्राप्त एक लावारिश शव को लावारिश लाश इंतजामिया कमेटी जौनपुर के पदाधिकारियों ने हम्जा चिस्ती स्थित कब्रस्तान पर दक्षिणी तरफ दफन करवाया,अध्यक्ष रियाजुल हक खान ने बताया की अब तक कमेटी ने कोरोना कॉल से सैकड़ों लावारिश शव प्रशासन के मदद से दफन करवाया है ।उक्त शव थाना रामपुर के कस्बा में पुलिस को मिला था,जिसका जब कोई वारिश नही मिला तो अंत्य परीक्षण के बाद शव पुलिस द्वारा इंतजामिया कमेटी के सहयोग से दफन करवाया गया ।जनाजे की नमाज अजहर हाफिज ने अदा करवाइए, उक्त मौके पर बख्तियार आलम,रिजवान, लल्लू,सद्दाम सिद्दीकी,पुलिस विभाग से रवि चौरसिया, ताजसेन सहित मौलाना अहमद पासा,अंसार अहमद,मास्टर मेराज,माज हलीमी, शाहनवाज,तहसीन शाहिद सभासद,दीपक चिटकारियां,अकरम मसूरी,अबूजर शेख सभासद आदि का सहयोग रहा।

संक्षिप्त खबरें

पेलेग्रिनी ने जीता स्लोवाकिया में राष्ट्रपति चुनाव

ब्रातिस्लावा। स्लोवाक संसद के अध्यक्ष पीटर पेलेग्रिनी ने 53.12 प्रतिशत वोटों के साथ स्लोवाकिया में राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। उन्होंने यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति का विरोध किया था। सभी मतपत्रों की गिनती के बाद रविवार को स्लोवाक सांख्यिकी कार्यालय ने यह डेटा जारी किया। उनके प्रतिद्वंद्वी, पूर्व स्लोवाक विदेश मंत्री इवान कोरकोक, जो मुखर रूप से यूक्रेन के समर्थक हैं, को 46.87 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए। गौरतलब है कि 23 मार्च को हुए पहले दौर के चुनाव में कोरकोक को 42.51 प्रतिशत जबकि पेलेग्रिनी को 37.02 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे।

अमेरिकी में गोलीबारी में दो की मौत, सात घायल

न्यूयॉर्क। अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत के पास उपनगरीय मियामी क्षेत्र में गोलीबारी की घटना में दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मियामी में अवकाश स्थल सिटीप्लेस डोरल के बार में ग्राहकों के बीच लड़ाई के बाद सुरक्षा गार्ड, पुलिस अधिकारियों और एक बंदूकधारी के बीच गोलियां चलीं। रिपोर्ट के अनुसार इस गोलीबारी में बंदूकधारी और सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई, जबकि डोरल सिटी के एक पुलिस अधिकारी और छह ग्राहकों को गोली लगी। घायल पुलिस अधिकारी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है जबकि अस्पताल में मौजूद लोगों में दो की हालत अब भी गंभीर है। डोरल पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया पर कहा, मियामी पुलिस विभाग और संघीय कानून प्रवर्तन विभाग के साथ डोरल शहर पुलिस के साथ मिलकर गोलीबारी के कारणों की जांच कर रहा है।

ब्रिटेन में तूफान कैथलीन के चलते दर्जनों उड़ानें रद्द

लंदन। तूफान कैथलीन यूनाइटेड किंगडम में कहर बरपा रहा है। इसके चलते ब्रिटेन की दर्जनों उड़ानें रद्द कर दी गईं। एडिनबर्ग, बेलफास्ट, मैनचेस्टर और बर्मिंघम में हजारों यात्री फंस गए। मौसम कार्यालय ने इंग्लैंड के अलावा आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स के कुछ हिस्सों के लिए चेतावनी जारी की है। बताया गया है कि ख़राब मौसम के चलते ब्रिटेन के हवाई अड्डों पर प्रस्थान करने वाली और पहुंचने वाली 130 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। तूफान के कारण पूरे ब्रिटेन में तापमान भी बढ़ गया, जिसके एक दो दिन तक बने रहने की आशंका है। स्कॉटलैंड में उड़ानों के अलावा रेल और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं।

ग्रीस के जंगल में लगी आग बुझाने हेलीकॉप्टरों से बौछार

एथेंस। दक्षिणी ग्रीस के क्रेते द्वीप के जंगलों में इस वर्ष लगी पहली बड़ी आग में तीन लोग घायल हो गए। यह जानकारी अग्निशामक अधिकारियों ने दी। आग द्वीप के दक्षिणपूर्वी हिस्से में इरापेट्रा सिटी के बाहरी क्षेत्र में लगी है। आग की लपटों पर काबू पाने के लिए 169 अग्निशामकों को तैनात किया गया। इसके लिए पानी की बौछार करने वाले चार हेलीकॉप्टरों का भी उपयोग किया गया। एक बुजुर्ग व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया, जबकि पास की बस्ती में रहने वाली एक महिला और एक दमकलकर्मी मामूली रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर आपातकालीन अलर्ट जारी कर चार गांवों के लगभग 300 निवासियों को अपने घरों को खाली करने के लिए कहा। जलवायु संकट एवं नागरिक सुरक्षा मंत्रलय के अनुसार, शनिवार को पूरे देश में कुल 71 जंगल में आग लगी।

इंडोनेशिया के पापुआ क्षेत्र में दो विद्रोहियो की मौत

जयापुरा। इंडोनेशिया के अशांत पापुआ क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी सोने की खदानों में से एक के निकट सुरक्षा बलों और विद्रोही समूह के बीच गोलीबारी में दो अलगाववादी मारे गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मध्य पापुआ प्रांत के खनन शहर तेम्बागापुरा के निकट 'फ्री पापुआ मूवमेंट' से जुड़े विद्रोहियों और पुलिस एवं सैन्य बलों के बीच हुई झड़प में समूह के दो क्षेत्रीय कमांडर अबुबकर कोगोया और डेमियानस मागे मारे गए। पुलिस ने बताया कि ये दोनों समूह की सैन्य शाखा, वेस्ट पापुआ लिबरेशन आर्मी से जुड़े हुए थे। संयुक्त सुरक्षा बल के प्रमुख फैजल रमादानी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने दोनों कमांडर के पास से उनके पहचान पत्र बरामद किये।

महानदी, पेन्नार बेसिन के बीच पूर्व की ओर प्रवाहित नदियों में पानी नहीं

नई दिल्ली (भाषा)। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा से होकर महानदी और पेन्नार बेसिन के बीच बहने वाली नदियों में फिलहाल पानी नहीं है।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के आंकड़ों मुताबिक, ऋषिकुल्या, बाहुडा, वंशधारा, नागवती, शारदा, वराह, तांडव, एलुरु, गुंडलकम्मा, तम्मिलेरू, मुसी, पालेरू और मन्नेरू ऐसी नदियां है, जिनमें पानी नहीं बचा है। विशेषज्ञ इसके लिए कमजोर मानसून, वर्षा गतिविधियों में बदलाव, जलग्रहण क्षेत्र में गिरावट और भूजल में कमी को जिम्मेदार ठहरा रहे है।

ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद के नितिन बस्सी ने कहा, महानदी बेसिन को लेकर किए गए उनके विश्लेषण में पाया गया कि सूक्ष्म सिचाई प्रणालियों को अपनाने और फसल संबंधी प्रणालियों में बदलाव से जलापूर्ति आवश्यकता की कमी को 24 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया जा सकता है। सीडब्ल्यूसी ने जलाशयों में जल भंडारण की स्थिति का विवरण दिया है, जिसमें कहा गया है कि मौजूदा जल भंडारण क्षमता घटकर कुल क्षमता का केवल 35 प्रतिशत रह गई है। आंकड़ों के मुताबिक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु के जलाशयों में भंडारण स्तर में खासी गिरावट आई है, जहां वर्तमान में उनकी कुल क्षमता का केवल 20 प्रतिशत पानी है। महानदी और पेन्नार बेसिन के बीच पूर्व की ओर बहने वाली नदियों में इस साल फिलहाल पानी नहीं है। पेन्नार और कन्याकुमारी के बीच पूर्व की ओर बहने वाली नदियों में भी पानी की भारी कमी है और उनमें केवल 12 प्रतिशत जल भंडारण है। चार अप्रैल को जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उपलब्ध जल संसाधनों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इसके अनुसार, भारत में 150 जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता 178.784 अरब घनमीटर (बीसीएम) है, जो देश भर में अनुमानित कुल क्षमता 257.812 बीसीएम का लगभग 69.35 प्रतिशत है। हालांकि, इन जलाशयों में उपलब्ध वास्तविक भंडारण मात्र 61.801 बीसीएम है, जो इनकी कुल क्षमता का केवल 35 प्रतिशत है। बांध व नदियां मामलों पर दक्षिण एशिया नेटवर्क के समन्वयक हिमांशु ठक्कर ने जलाशयों के जलस्तर में गिरावट के कई कारणों पर प्रकाश डाला, जिसमें मानसून की वर्षा में कमी और बदलती वर्षा गतिविधियां शामिल है।

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु के जलाशयों में भंडारण स्तर में भी खासी गिरावट

वजह : कमजोर मानसून, वर्षा गतिविधियों में बदलाव, जलग्रहण क्षेत्र में गिरावट और भूजल में कमी

नेतन्याहू सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

तेल अवीव/काहिरा (एपी)। रविवार को इस्राइल-हमास संघर्ष शुरू हुए छह माह हो जाने पर इस्राइल में बड़ी संख्या में लोगों ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। इस्राइल के लोग शनिवार रात से सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन कर रहे है। प्रदर्शनकारी हमास की द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की रिहा कराने और देश में जल्द चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। लोगों का हुजूम देश की राजधानी तेल अवीव पर उमड़ पड़ा। हजारों-लाखों की संख्या में लोगों ने बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ विरोधी नारे लगाए।

इस बीच रविवार को एक बंधक का शव मिलने के बाद लोगों की नाराजगी और बढ़ गई। इस्राइली मीडिया के अनुसार तेल अवीव रैली में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं और पुलिस प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया। एक कार की टक्कर लगने से कुछ प्रदर्शनकारी घायल हो गए।

इस बीच इस्राइल की सेना ने बताया कि उसने गाजा में बंधक बनाए गए 47 वर्षीय किसान का शव बरामद किया है। हमास द्वारा बंधक बनाए गए किसी इस्राइली नागरिक का शव ऐसे वक्त में बरामद किया गया है जब वार्ताकार इस्राइल और हमास के बीच छह माह से जारी युद्ध को रोकने तथा शेष बंधकों को रिहा कराने के लिए दूसरे दौर की बातचीत की तैयारी कर रहे है। इस्राइली सेना ने कहा कि उसे एलाद काज्जिर का शव मिला है और माना जाता है कि उसकी हत्या जनवरी में 'इस्लामी जिहाद' के चरमपंथियों ने की थी।

इस्राइल-हमास संघर्ष के 6 माह पूरे

हमास की कैद से बंधकों को छुड़ाने और देश में जल्द चुनाव कराने की मांग

इस्राइल कुछ फिलिस्तीनियों को गाजा लौटने की अनुमति दे : अमेरिका

वॉशिंगटन (वार्ता)। दक्षिणी गाजा शहर राफा में आगामी इस्राइली सैन्य अभियान की चिंताओं के बीच बाइडन प्रशासन कुछ विस्थापित गाजा नागरिकों को एन्क्लेव के उत्तरी हिस्से में लौटने की अनुमति देने के का दबाव बना रहा है। यह जानकारी वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अधिकारियों के हवाले से दी। शनिवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ हाल ही में आधे घंटे की बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस मुद्दे पर काम करने की मांग की। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति ने नेतन्याहू से एन्क्लेव में तत्काल युद्धविराम के लिए सहमति व्यक्त करने के साथ-साथ वार्ता करने वाली टीमों को इस मामले पर एक समझौते तक पहुंचने की अनुमति देने का भी आह्वान किया।

ऑस्ट्रेलिया में बारिश से भारी नुकसान

सिडनी(वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य (एनएसडब्ल्यू) में भारी बारिश और उसके बाद आई बाढ़ से राज्य में इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा है। एनएसडब्ल्यू राज्य आपातकालीन सेवा (एसईएस) ने रविवार सुबह कहा कि एनएसडब्ल्यू के दक्षिण-पूर्व में तटीय क्षेत्र इलवारा और उत्तरी सिडनी के समुद्र तटों में क्षति का आकलन किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, भारी बारिश के बाद कुछ इमारतों के छत क्षतिग्रस्त हो गए हैं। एसईएस, एनएसडब्ल्यू के शहर पेनरिथ के पश्चिम में और फिर हॉक्सबरी नेपियन नदी के साथ अन्य क्षेत्रों में नुकसान का भी आकलन करेगा।

एसईएस ने रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह पांच बजे तक 1,877 घटनाएं दर्ज की थीं और पिछले 24 घंटों में 146 लोगों का बाढ़से बचाव किया है।

मानवीय आधार पर रोका जाए इस्राइल-हमास संघर्ष : सुनक

लंदन भाषा)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने गाजा में जारी इग्रसइल-हमास संघर्ष को मासूम बच्चों की खातिर मानवीय आधार पर रोके जाने के अपने आह्वान को दोहराया है। ब्रिटेन ने इस्राइल- हमास संघर्ष के छह महीने पूरे होने के अवसर पर रविवार को गाजा के लिए समुद्री सहायता गलियारा स्थापित करने के लिए सैन्य और नागरिक सहायता के नए पैकेज की घोषणा की। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने पूर्वी भूमध्य सागर में एक शाही नौसेना के पोत की तैनाती की घोषणा की और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाई जाने वाली सहायता को बढ़ाने के मकसद से 97 लाख पाउंड देने की प्रतिबद्धता जताई।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट' से सुनक ने कहा, आज सात अक्टूबर के आतंकवादी हमले के छह महीने पूरे हो गए है जो इस्राइल के इतिहास में सबसे भयावह हमला था और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यहूदियों की सबसे बड़ी जनहानि थी। छह महीने बाद भी इस्राइली जख्म हरे है। परिवार अब भी शोक मना रहे है और लोगों को अब भी हमास ने बंधक बना रखा है। गाजा में छह महीने के युद्ध के बाद, मारे जा रहे आम नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है । भूख, हताशा, भयानक पैमाने पर जीवन की हानि हो रही है। गाजा के बच्चों को तुरंत मानवीय (युद्ध)विराम की आवश्यकता है, ताकि एक दीर्घकालिक स्थाई युद्धविराम हो सके। बंधकों को रिहा कराने और मदद पहुंचाने तथा लड़ाई एवं जान-माल के नुकसान को रोकने का यह सबसे तेज तरीका है। 'द संडे टाइम्स' के लिए लिखे लेख में विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने कहा कि इस्राइल के लिए ब्रिटेन का समर्थन बिना शर्त नहीं है।

कंबोडिया को साइबर ठगी का हब बनाया चीन ने

नई दिल्ली।

कभी कोरोना की बीमारी से विश्व को तबाह करने वाला चीन अब विश्व को साइबर से ठगने की नई चाल शुरू कर विश्व की आर्थिक रूप से पंगु बनाना चाहता है । इसके लिए चीनी नागरिकों ने कई साइबर कंपनियां कंबोडिया में स्थापित की हैं। यानी चीनी साइबर फ्रॉड कंपनी के मालिक ने कंबोडिया को इसका हब बना दिया है और भारतीय कंप्यूटर जानकार युवा को साइबर दास बना रहा है । जांच एजेंसियों ने इसका खुलासा किया है।

हाल ही में राउरकेला में इंटरनेशनल साइब्रर फ्रॉड गैग पकड़े जाने के बाद खुफ़िया और जांच एजेंसियों की जांच में कई चौकाने वाली बात सामने आया है। खुलासा हुआ है कि भारत से पढ़े-लिखे और कंप्यूटर एक्सपर्ट युवाओं को नौकरी देने के बहाने साइबर फ्रॉड गैग द्वारा मोटी रक़म का लालच देकर कंबोडिया बुलाया जा रहा है और वहां उन्हें साइबर दास का शिकार बनाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्रालय के साइबर विंग ने इस ठगी के तमाम पहलुओं की गहराई से जांच की तो बड़े और चौकाने वाले खुलासे हुए है। इस बाबत गृह मंत्रालय ने विदेश मंत्रालय के साथ हाईलेवल मीटिंग की। दरअसल, हाल ही में ओडिशा के राउरकेला पुलिस ने 'फेक स्टॉक ट्रेडिंग ऐप' में शामिल कुछ लोगों की गिरफ्तारी की थी। उसके बाद खुलासा हुआ कि साइबर क्राइम में वो लोग शामिल है जो हाल फिलहाल में कंबोडिया से भारत लौटे है। ऐसे लोगों ने भारत आकर बड़े स्तर पर साइबर फ्रॉड का एक गैग ऑपरेट करना शुरू कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि 4 से 5 हजार ऐसे लोग है, जो भारत से कंबोडिया गए है। वहां जाकर उन्हें जबरदस्ती साइबर फ्रॉड के काम में धकेला जा रहा है। इस तरीके के कई फ्रॉड करने वाले क्रिमिनल्स की एक लंबी फेहरिस्त है जिस पर कदम बढ़ाने के लिए चर्चा की गई है। कंबोडिया में रह रहे इन लोगों से वहां के साइबर क्रिमिनल्स जबरदस्ती 'साइबर दास' की कोशिश कर रहे है जिसको लेकर सभी एजेंसियों ने चिंता जाहिर की है।

सूत्रों ने जानकारी दी है कि साइबर फ्रॉड करने वाले कंबोडिया में एक बड़ा गैग चलाते है। इस गैग में मलेशिया, चीन, वियतनाम, म्यांमार के लोग शामिल है। यह तमाम लोग मिलकर भारतीयों को नौकरी दिलाने के नाम पर ऑनलाइन भर्ती करते है। फिर जो भारतीय कंबोडिया में नौकरी करने जाता है उसको जबरदस्ती साइबर फ्रॉड के लिए मजबूर कर रहे है।

सूत्रों के अनुसार खुफ़िया, जांच एजेंसियों और गृह मंत्रालय के साइबर विंग को पता चला है कि धोखाधड़ी करने वाली कंपनियों के मालिक हमेशा चीनी नागरिक होते है। ये दूसरों से संवाद करने के लिए मलेशियाई या कंबोडियाई लोगों को अनुवादक के रूप में नियुक्त करते है। इस रैकेट में बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल, भारत और कंबोडिया के लोग एजेंट के रूप में काम करते है। एजेंट भारत से लोगों को वैध काम के लिए भर्ती करते है। उसके बाद जैसे ही एक बार जब वे कंबोडिया पहुंच जाते है तो उन्हें घोटालेबाज कंपनियों को बेच दिया जाता है। कंपनियां उनके पासपोर्ट ले लेती है और फिर उनसे घोटाले करने के लिए दिन में 12 घंटे काम करवाती है।

भारतीयों को बनाया 'साइबर दास', एक्शन में होम मिनिस्ट्री

चीन : बाढ़ में फंसे 800 लोगों को निकाला गया

बीजिंग (वार्ता)। चीन के दक्षिणी गुआंग्डोंग प्रांत के किंगयुआन जिले के यिंगदे काउंटी में बाढ़ के कारण खतरे में फंसे 832 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। सरकारी चाइना सेंट्रल टेलीविजन ब्रॉडकास्टर ने रविवार को यह जानकारी दी। ब्रॉडकास्टर ने बताया कि रविवार सुबह तक यिंगडे स्टेशन पर पानी का स्तर 30.07 मीटर तक पहुंच गया और खतरे के गंभीर निशान को पार कर गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि जलाशयों के किनारे स्थित घरों और व्यावसायिक इमारतों में पानी भर गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकारियों ने हालांकि संबंधित निकायों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्कूलों और उद्यमों के संचालन को निलंबित करने का निर्देश नहीं दिया है।

रूसी के ओरेनबर्ग क्षेत्र में आपात स्थिति घोषित

मॉस्को(एपी)। रूसी सरकार ने ओरेनबर्ग क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों में रविवार को संघीय आपात स्थिति घोषित कर दी। सरकारी मीडिया ने यह खबर दी है। स्थानीय सरकार के अनुसार उराल नदी का जलस्तर बढ़ने से आई बाढ़ के चलते 885 बच्चों समेत चार हजार से अधिक लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। सरकारी समाचार एजेंसी तास ने बताया कि दो हजार और घरों में पानी घुस गया है, जिसके साथ ही क्षेत्र में ऐसे घरों की संख्या बढ़कर करीब 6,300 हो गई है। रूस के आपात स्थिति मंत्री एलेक्जेंडर कुरेनकोव बचाव अभियान की निगरानी करने के लिए रविवार को बुरी तरह प्रभावित शहरों में शामिल ओर्स्क पहुंचे।

मैक्सिको ने इक्वाडोर से राजनयिक संबंध तोड़े

क्विटो (एपी)। इक्वाडोर के पूर्व उपराष्ट्रपति को गिरफ्तार करने के लिए मेक्सिको के दूतावास में पुलिस के प्रवेश करने के बाद मैक्सिको सरकार ने इक्वाडोर के साथ राजनयिक संबंध तोड़ दिए है। इक्वाडोर की पुलिस ने शुक्रवार देर रात राजधानी क्विटो में मैक्सिको दूतावास के मुख्य द्वार को तोड़कर जॉर्ज ग्लास को गिरफ्तार कर लिया। ग्लास दिसंबर से वहां रह रहे थे।

भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद ग्लास ने दूतावास में राजनीतिक शरण मांगी थी। दूतावास में पुलिस के बलपूर्वक प्रवेश करने की घटना के विरोध में मैक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मेन्युल लोपेज ओबराडोर ने शुक्रवार शाम इक्वाडोर से राजनयिक संबंध तोड़ने की घोषणा की। वही, मेक्सिको के विदेश मंत्री ने कहा कि इक्वाडोर के इस कदम को हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में चुनौती दी जाएगी।

मैक्सिकन दूतावास हमले पर तत्काल बैठक करेंगे सीईएलएसी देश

तेगुसिगाल्पा(वार्ता)। होंडुरास की राष्ट्रपति शियोमारा कासो ने कहा कि लैटिन अमेरिकी एवं कैरेबियाई राज्यों का समुदाय (सीईएलएसी) इक्वाडोर में मैक्सिकन दूतावास पर हुए हमले पर चर्चा करने के लिए संगठन के शासी निकाय और सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ विशेष बैठकें आयोजित करेंगे। शनिवार रात इक्वाडोर पुलिस ने क्विटो स्थित मैक्सिकन दूतावास पर सशस्त्र वाहनों का उपयोग कर राजनयिक मिशन में शरण लिए गए इक्वाडोर के पूर्व उपराष्ट्रपति जॉर्ज ग्लास को गिरफ्तार कर लिया।

मैक्सिको दूतावास पर इक्वाडोर पुलिस के हमले से गुतरेस चिंतित

न्यूयॉर्क (वार्ता)। संयुक्त राष्ट्र (संरा) के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि संरा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस क्विटो में मैक्सिकन दूतावास पर इक्वाडोर पुलिस के हमले से चिंतित है। गुतरेस ने कहा कि राजनयिक और दूतावास परिसरों और कर्मियों की अनुल्लंघनीयता के सिद्धांत का सम्मान किया जाना चाहिए। दुजारिक ने कहा, महासचिव क्विटो में मैक्सिकन दूतावास परिसर में इक्वाडोर के सुरक्षा बलों के जबरन प्रवेश से चिंतित हैं।

खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकी हमले, छह सुरक्षाकर्मियों की मौत

क्वेटा (भाषा)। पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में पिछले दो दिन में हुई आतंकवादी घटनाओं और सुरक्षा अभियानों में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सहित छह सुरक्षाकर्मी और 12 आतंकवादी मारे गए है।

अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) ने कहा कि बलूचिस्तान प्रांत में दो घटनाओं में चार आतंकवादी मारे गए है। आईएसपीआर ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में स्थित डेरा इस्माइल खान जिले में कुलाची तहसील के कोट सुल्तान इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान आठ आंतकवादी मारे गए। उसने कहा कि सुरक्षाबलों ने मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए है। अधिकारियों ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मारवात में शुक्रवार की रात दो आतंकवादी हमलों में एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और दो पुलिसकर्मी मारे गए जबकि एक कांस्टेबल घायल हो गया।

पाक-ईरान गैस पाइपलाइन में देरी के लिए पाकिस्तान पर जुर्माना

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान ने ग्वादर से पाक-ईरान गैस पाइपलाइन के 80 किलोमीटर लंबे खंड के निर्माण का काम शुरू कर दिया है। यह निर्माण ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के 22 अप्रैल को पाकिस्तान की संभावित यात्रा के मद्देनजर किया जा रहा है। पाक-ईरान 2014 में पूरा होना था और उसके बाद जनवरी 2015 में संचालित करना था लेकिन इसमें एक दशक की देर हो चुकी और ईरान ने फरवरी-मार्च 2024 तक पाइपलाइन के अपने हिस्से को पूरा करने या दंड के रूप में 18 अरब डॉलर के जुर्माने का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है।

जिओ न्यूज ने ऊर्जा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा कि अंतर-राज्य गैस कंपनी (आईएसजीएस) ने पहले ही बहुप्रतीक्षित सलाहकारों द्वारा सर्वेक्षण और फ्रंट-एंड इंजीनियरिंग डिजाइन (एफईईडी) के पुनः सत्यापन की निविदाएं जारी कर दी है। द्विपक्षीय परियोजना के लिए यह विकास अमेरिका के स्पष्ट विरोध और संभावित प्रतिबंधों की चेतावनी के बीच हो रहा है, जिसमें लगभग एक दशक की देरी हुई है क्योंकि इसे दिसंबर 2014 में पूरा होना था और उसके बाद जनवरी 2015 में संचालित करना था। पाकिस्तान वर्षों से कहता रहा है कि ईरान पर लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण वह अपने क्षेत्र में इस परियोजना को अमल में नहीं ला सकता है। हालांकि ईरान ने जनवरी में इस्लामाबाद को कहा कि वह फरवरी-मार्च 2024 तक पाइपलाइन के अपने हिस्से को पूरा कर ले या 781 किलोमीटर की परियोजना के गैस बिक्री खरीद समझौते (जीएसपीए) के अंतर्गत दंड के रूप में 18 अरब डॉलर के जुर्माने का सामना करने के लिए तैयार रहे। अधिकारी के अनुसार पाइपलाइन के 80 किलोमीटर खंड का निर्माण फ्रांस में मध्यस्थता से बचने के लिए आवश्यक है क्योंकि पाकिस्तान पर उपरोक्त जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि प्रारंभिक सर्वेक्षण और एफईईडी का पुनः सत्यापन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि 80 किलोमीटर के खंड में दो संपीडक है, एक सीमा पर और दूसरा ग्वादर में। एक बार प्रक्रिया पूरी होने के बाद, अधिकारी भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू करेंगे, जिसके बाद इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण (ईपीसी) अनुबंध दिया जाएगा। ऊर्जा मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि 44 अरब रुपए की लागत से 24 महीने में पूरी होने वाली इस परियोजना के लिए, वित्त मंत्रालय द्वारा गैस इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट सेस (जीआईडीसी) के मद से आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने में अपेक्षित असमर्थता के बीच पेट्रोलियम डिवीजन बजट 2024-25 में पीएसडीपी से परियोजना के लिए पर्याप्त राशि की मांग करेगा।

पाकिस्तान ने ग्वादर से परियोजना के 80 किलोमीटर लंबे खंड के निर्माण का काम शुरू किया

पीटीआई के नेता सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में : इमरान खान

इस्लामाबाद (भाषा)। पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि उनकी पार्टी के कुछ नेता शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में है। उन्होंने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर कार्रवाई के बीच किसी से भी वार्ता करने की इच्छा व्यक्त की है। 'डॉन' के अनुसार खान ने यह टिप्पणी शनिवार को अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद की। खान (71) ने कहा कि वह देश के लिए किसी से भी बातचीत करने को तैयार है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान ने कहा कि यदि वह सेना के पूर्व प्रमुख कमर जावेद बाजवा के साथ बातचीत कर सकते है, तो वह देश के किसी भी व्यक्ति से मुलाकात कर सकते है। खान ने बाजवा पर अप्रैल 2022 में उनकी सरकार को गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप लगाया था। खान ने कहा कि उनकी पार्टी के कुछ नेता बातचीत के लिए अभी भी (सैन्य) प्रतिष्ठान के संपर्क में है। उन्होंने हालांकि इस संबंध में विस्तार से नहीं बताया। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनकी पार्टी को मिला जनादेश चुरा लिया गया है और पार्टी पर कब्जा करने के प्रयास किए जा रहे है।

चीनी अभियंताओं को ले जा रही बस बुलेट प्रूफ नहीं थी : पुलिस रिपोर्ट

पेशावर(भाषा)। पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में पिछले महीने आत्मघाती हमले में जान गंवाने चीनी अभियंताओं को ले जा रही बस न तो 'बुलेट प्रूफ' थी और न ही 'बम प्रूफ'। पुलिस की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के सुदूर बेशाम क्षेत्र में 26 मार्च को आत्मघाती बम हमलावर ने चीनी अभियंताओं के काफिले को निशाना बनाया था। चीनी अभियंताओं को बस से उसी प्रांत के कोहिस्तान जिले में डासू पनबिजली केंद्र के निर्माण स्थल पर ले जाया जा रहा था। हमले में पांच चीनी नागरिक एवं उनके पाकिस्तानी चालक की मौत हो गई थी।

जियो न्यूज के अनुसार इस संबंध में संघीय सरकार को पुलिस ने रिपोर्ट भेजी है और उसमें कहा गया है कि इस हमले में जिस बस को निशाना बनाया गया था वह बस कराकोरम राजमार्ग पर एक अन्य बस से 15 फुट की दूरी पर जा रही थी तथा आत्मघाती हमलावर द्वारा विस्फोटकों से लदे वाहन को चीनी अभियंताओं को लेकर जा रही इस बस में टकरा देने से वह 300 फुट गहरी खाई में गिर गई। चीनी यात्रियों को लेकर जा रही यह बस न तो 'बुलेट प्रूफ' थी और न ही 'बम प्रूफ'। उसमें कहा गया है कि चीनी नागरिकों को ले जा रही बसों में सीसीटीवी लगे थे। एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस घटना की एक जांच रिपोर्ट के आलोक में लापरवाही को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया था। सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने कहा, प्रधानमंत्री ने हाजरा संभाग के क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी, ऊपरी कोहिस्तान और निचले कोहिस्तान के जिला पुलिस अधिकारी, डासू पनबिजली परियोजना के सुरक्षा निदेशक, खैर पख्तूनख्वा की विशेष सुरक्षा इकाई के कमांडेंट के खिलाफ 15 दिनों में कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

खैबर पख्तूनख्वा में 26 मार्च को हुए आत्मघाती हमले में हो गई थी पांच चीनी अभियंता और वाहन चालक की मौत

खबर संक्षेप

एनटीपीसी का चार करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी निजी खदानों से चार करोड़ टन कोयला उत्पादन लक्ष्य रखा है। कंपनी ने रविवार को बयान में कहा कि महत्वाकांक्षी लक्ष्य एनटीपीसी को निजी कोयला खदानों से उत्पादन में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने में मदद करेगा।

अच्छे मानसून से एफएमसीजी उत्पादों की मांग बढ़ेगी

नई दिल्ली। प्रमुख कंपनियों को चालू वित्त वर्ष में एफएमसीजी (दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं) की उपभोक्ता मांग को बढ़ाने के लिए व्यापक-संकेतकों और अच्छे मानसून व रबी फसलों को लेकर सुधार की उम्मीद है। मार्च तिमाही में कमजोर परिचालन परिस्थितियों के बीच एफएमसीजी की उपभोक्ता मांग सुस्त रही।

एफपीआई ने शेयर बाजार से निकाले 325 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। शेयर बाजारों में उच्च मूल्यांकन और आम चुनावों के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) सतर्क हो गए हैं, और उन्होंने इस महीने के पहले सप्ताह में बाजार से 325 करोड़ रुपये निकाले। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक मार्च में 35,000 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का निवेश करने के बाद एफपीआई ने शुद्ध निकासी की।

सैनोफी का भारत में नए उत्पादों की पेशकश पर जोर

नई दिल्ली। भारतीय दवा बाजार में उचित हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखते हुए फ्रांसीसी दवा कंपनी सैनोफी ने अपने मौजूदा ब्रांडों की पहुंच बढ़ाने और नयी दवाएं पेश करने की योजना बनाई है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसके लिए घरेलू दवा कंपनियों के साथ सहयोग की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी।

कम आपूर्ति से सभी तेल की कीमतों में सुधार



नई दिल्ली। शादी-विवाह के मौसम एवं नवरात्र से पहले खाद्यतेलों की बढ़ती मांग तथा देश में आयातित खाद्यतेलों की कम आपूर्ति रहने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहनों में सुधार आया। इस दौरान सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल तिलहन, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल तेजी दर्शाते बंद हुए।

मैक्रोटेक डेवलपर्स ने अपना कर्ज 55 फीसदी घटाया

LODHA
MACROTECH DEVELOPERS LIMITED

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड ने पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में अपना शुद्ध कर्ज 55 फीसदी घटाकर 3,010 करोड़ रुपये कर दिया है। कंपनी ने बताया कि उसने आंतरिक साधनों से और इक्विटी पूंजी जुटाकर कर्ज कम किया। उसका शुद्ध कर्ज 31 दिसंबर, 2023 तक 6,750 करोड़ रुपये था। मैक्रोटेक डेवलपर्स लोढ़ा ब्रांड के तहत संपत्तियां बेचता है और भारत में अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में एक है। 31 मार्च, 2024 तक कंपनी का शुद्ध कर्ज 3,010 करोड़ रुपये था।

तेल के दाम बढ़ने से खाद्य वस्तुओं की कीमतें सात महीने की ऊचांई पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनियाभर में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। मार्च महीने में ग्लोबल फूड प्राइसेज में इजाफा देखने को मिला है। जुलाई 2023 के बाद ये पहला मौका है जब वैश्विक स्तर पर खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल देखा गया है।

- वैश्विक स्तर पर खाद्य वस्तुओं की कीमतों में उछाल देखा गया

संयुक्त राष्ट्र की फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन ने कहा कि अनाजों की कीमतों में कमी के बावजूद खाने के तेल के दामों में उछाल के चलते वैश्विक खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ी है। फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन (एफएओ) के फूड प्राइस इंडेक्स पिछले महीने के मुकाबले बढ़कर 1.1 फीसदी पर जा पहुंचा है और मार्च 2024 में ये 118.3 प्वाइंट पर रहा है।

मार्च महीने में ग्लोबल फूड प्राइसेज में इजाफा देखने मिला

तेल के सब-इंडेक्स में 8 फीसदी उछाल

खाने के तेल का सब-इंडेक्स पिछले महीने के मुकाबले 8 फीसदी उछाल के साथ एक साल के हाई पर जा पहुंचा है। फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन के मुताबिक पाम, सोया, सनफ्लावर और रेपसीड ऑयल के दामों में तेजी देखी जा रही है। पाम उत्पादन करने वाले देशों में सीजन के दौरान आउटपुट में कमी आने के चलते पाम आयल के दामों में उछाल देखा जा रहा है।

एशियाई देशों में तेल की भारी मांग

पाम आयल के दक्षिणपूर्व एशियाई देशों में भारी मांग के चलते भी दामों में उछाल देखने को मिल रही है। बायोफ्यूल सेक्टर की ओर भारी मांग के चलते सोया ऑयल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। एफएओ के मुताबिक मार्च महीने में डेयरी प्राइसेज 2.9 फीसदी बढ़ी है तो मीट प्राइसेज 1.7 फीसदी बढ़ी है।

महंगाई को लेकर दबाव बना रह सकता है

इससे पहले यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद खाद्य वस्तुओं की कीमतें रिकॉर्ड हाई पर जा पहुंची थी। लेकिन उसके बाद कीमतें कम हुई है। भारत में आरबीआई गवर्नर ने मॉनिटरी पॉलिसी ऐलान करते हुए कहा कि खाद्य वस्तुओं की कीमतों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है जिससे महंगाई को लेकर दबाव बना रह सकता है।

पंजाब जैसे राज्यों को कर्ज जाल में फंसने की दी चेतावनी

बिजली मंत्री ने मुफ्त बिजली देने के लिए कर्ज लेने पर सचेत किया

पंजाब ने सरकार से 47 हजार करोड़ का कर्ज लिया

इसके चलते वे ऋण के जाल में फंस गए हैं। ऐसा करने वाले राज्यों के नाम पूछने पर उन्होंने पंजाब का नाम लिया। उन्होंने कहा कि पंजाब में आप सरकार ने पहले दो वर्षों में 47,000 करोड़ रुपये का कर्ज लिया, जिससे राज्य पर कर्ज का बोझ और बढ़ गया।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिजली मंत्री आर के सिंह ने मुफ्त बिजली देने के लिए उधार लेने वाले पंजाब जैसे राज्यों को कर्ज के जाल में फंसने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऐसी लोकलुभावन योजनाएं तभी ठीक हैं, जब किसी राज्य के पास पर्याप्त धन हो।

सिंह ने कहा कि किसी भी दूसरी चीज की तरह बिजली उत्पादन की लागत होती है, और अगर कोई राज्य इसे उपभोक्ताओं के एक वर्ग को मुफ्त में देता है, तो यह भी सोचना चाहिए कि उत्पादन संयंत्र को भुगतान भी करना होगा। अगर उत्पादन संयंत्र को भुगतान नहीं किया गया, तो बिजली उत्पादन नहीं होगा।

बिजली मुफ्त नहीं है

सिंह ने एक साक्षात्कार में कहा कि वह राज्यों से कहते रहे हैं कि बिजली मुफ्त नहीं है। उन्होंने कहा, 'अगर कोई राज्य किसी भी श्रेणी के लोगों को मुफ्त बिजली देना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है, लेकिन उन्हें इसके लिए भुगतान करना होगा।'

राज्य को अधिक कर्ज लेना पड़ रहा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिन राज्यों पर पहले ही बहुत कर्ज है, वह भी ऐसे लोकलुभावन उपायों का सहारा ले रहे हैं, और उन्हें बिजली संयंत्रों को भुगतान करने के लिए अधिक कर्ज लेना पड़ रहा है।

ऐसी लोकलुभावन योजना तभी ठीक जब राज्य के पास पर्याप्त धन हो

किसी भी दूसरी चींज की तरह बिजली की भी उत्पादन लागत होती है

उत्पादन संयंत्र को भुगतान नहीं दिया तो उत्पादन कैसा होगा

आने वाली योजनाओं के लिए धन नहीं होगा

सिंह ने कहा कि अगर हालात को संभाला नहीं गया, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सड़क, अस्पताल और स्कूल बनाने के लिए धन नहीं होगा, क्योंकि जो भी राजस्व आएगा वह ऋण चुकाने में चला जाएगा।

भारत का कोयला आयात फरवरी में 13 प्रतिशत बढ़ा

भारत का कोयला आयात फरवरी 2024 में 13 प्रतिशत बढ़कर 2.16 करोड़ टन हो गया। ऑनलाइन मार्केटप्लेस 'एमजंक्शन' के अनुसार कुछ खरीदारों ने गर्मियों से पहले स्टॉक करने के लिए नए सौदे किए, जिससे निर्यात बढ़ा। इससे पहले 2023 के समान महीने में कोयला आयात 1.91 करोड़ टन था।

फरवरी में आयात 1.91 करोड़ टन रहा

एमजंक्शन के आंकड़ों के अनुसार, 'फरवरी 2024 में कोयला आयात, फरवरी 2023 के 1.91 करोड़ टन के मुकाबले 13 प्रतिशत अधिक है।' फरवरी में कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयला का आयात बढ़कर 1.37 करोड़ टन हो गया, जो फरवरी, 2023 में 1.16 करोड़ टन था।

आयात फरवरी में बढ़ा

एमजंक्शन ने कहा, 'कोकिंग कोयले का आयात फरवरी में बढ़कर 45.6 लाख टन रहा, जबकि पिछले साल फरवरी में यह 44 लाख टन था।' ऑनलाइन मार्केटप्लेस ने कहा कि देश का कोयला आयात बीते वित्त वर्ष की अप्रैल से फरवरी तक की अवधि में बढ़कर 24.42 करोड़ टन रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 22.79 करोड़ टन था।

गैर-कोकिंग कोयला का आयात 16 करोड़ टन रहा

बीते वित्त वर्ष में अप्रैल से फरवरी तक गैर-कोकिंग कोयला का आयात 16.06 करोड़ टन रहा था, जबकि 2022-23 में यह 14.85 करोड़ टन था। बीते वित्त वर्ष की अप्रैल-फरवरी अवधि के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 5.18 करोड़ टन था, जबकि 2022-23 की इसी अवधि में यह 5.05 करोड़ टन था।

एआई से कार्यकुशलता बढ़ सकती है: सीसीआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग से कार्यकुशलता और नवाचार में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसके साथ बाजार एकीकरण और प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार की चिंताएं भी जुड़ी हैं।

- लेकिन बाजार एकीकरण संबंधी चिंताएं भी हैं

निगरानी संस्था सीसीआई के पास प्रतिस्पर्धा-रोधी तरीकों पर अंकुश लगाने और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का अधिकार है। सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सभी पहलुओं पर विचार करने के लिए एक अध्ययन शुरू करेगा। इसके तहत प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) आने वाले हफ्तों में जारी होने की उम्मीद है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने पीटीआई-भाषा को हाल में एक साक्षात्कार में बताया कि अध्ययन में यह भी देखा जाएगा कि एआई का उपयोग नियामक कैसे कर सकता है। कौर ने कहा, 'एआई और मशीन लर्निंग के बढ़ते प्रभाव से प्रतिस्पर्धा कानून के लिए अवसर और चुनौतियां, दोनों हैं।'उन्होंने कहा कि ये प्रौद्योगिकियां कार्यकुशलता और नवाचार को बढ़ावा दे सकती हैं, लेकिन बाजार में एकीकरण और प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार से संबंधित चिंताओं को भी बढ़ा सकती हैं।

नियामक की घटनाक्रम पर बारीक नजर

कौर ने इस बात पर भी जोर दिया कि नियामक इन घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रतिस्पर्धा ढांचा मजबूत रहे और नए बदलावों का मुकाबला किया जा सके।

टीसीएस के नतीजों पर रहेगी बाजार की नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल वैश्विक रुझानों, व्यापक आर्थिक आंकड़ों और कंपनियों के तिमाही नतीजों से प्रभावित होगी।

ईद-उल-फितर के मौके पर बृहस्पतिवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। कारोबारियों ने बताया कि विदेशी निवेशकों का रुख, रुपये-डॉलर के रुझान और कच्चे तेल की कीमतें भी उतार-चढ़ाव से भी बाजार की दिशा तय होगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख संतोष मीना ने कहा, 'भारतीय कंपनियां इस सप्ताह चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा शुरू करेंगी। इस क्रम में आईटी सेवा कंपनी टीसीएस सबसे पहले अपने नतीजे घोषित करने वाली है।' टीसीएस के नतीजे 12 अप्रैल को जारी होंगे। उन्होंने बताया कि भारत के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी 12 अप्रैल को घोषित किए जाएंगे और इसी दिन मार्च के लिए मुद्रास्फीति की घोषणा की जाएगी।

- वैश्विक रुझान से प्रभावित रहेगा बाजार
- ईद पर गुरुवार को बंद रहेगा बाजार

मीना ने कहा कि निवेशक डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की निवेश गतिविधियों पर करीब से नजर रखेंगे।

इस सप्ताह शुरू होंगे तिमाही नतीजे आने

पिछले हफ्ते बीएसई बेंचमार्क 596.87 या 0.81 फीसदी चढ़ गया। सूचकांक चार अप्रैल को 74,501.73 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (तकनीकी अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह तिमाही नतीजे आने शुरू होंगे और सभी का ध्यान मुख्य रूप से आईटी शेयरों पर होगा।

वोल्टास एसी की बिक्री 20 लाख इकाई के पार

नई दिल्ली। घरेलू एयर कंडीशनर (एसी) बनाने वाली प्रमुख कंपनी वोल्टास की एसी बिक्री बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 35 प्रतिशत की भारी वृद्धि के साथ 20 लाख इकाई के पार हो गई है। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही वोल्टास घरेलू बाजार में यह आंकड़ा पार करने वाली पहली कंपनी बन गई है। टाटा समूह की कंपनी ने बयान में कहा कि इस प्रदर्शन का श्रेय वर्ष के दौरान कूलिंग उत्पादों की लगातार मांग, एक मजबूत ऑफलाइन और ऑनलाइन वितरण नेटवर्क और नवाचार आधारित नए उत्पाद पेश करने को दिया गया है। वोल्टास ने कहा, 'कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20 लाख से अधिक एसी बेचने की उपलब्धि हासिल की, जो भारत में किसी भी ब्रांड द्वारा किसी वित्त वर्ष में एसी की अब तक की सबसे अधिक बिक्री है।'

बाजार पूंजीकरण में एचडीएफसी बैंक व एलआईसी रहे लाभ में

- शीर्ष चार कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.71 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में चार ने पिछले सप्ताह अपने बाजार मूल्यांकन में 1,71,309.28 करोड़ रुपये जोड़े। इनमें एचडीएफसी बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को सबसे अधिक लाभ हुआ।

दूसरी ओर, शीर्ष 10 कंपनियों के समूह में छह कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 78,127.48 करोड़ रुपये घट गया। इनमें सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। पिछले हफ्ते बीएसई सेंसेक्स 596.87 अंक या 0.81 फीसदी चढ़ा। सूचकांक चार अप्रैल को 74,501.73 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। शीर्ष 10 कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और एलआईसी को लाभ हुआ।

रिलायंस सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी : इसके अलावा भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और आईटीसी को भी बाजार मूल्यांकन में गिरावट का सामना करना पड़ा। बाजार मूल्यांकन के हिसाब से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल और एलआईसी का स्थान रहा।

टाटा स्टील की बिक्री छह फीसदी बढ़ दो करोड़ टन...

नई दिल्ली। टाटा स्टील इंडिया की बिक्री बीते वित्त वर्ष (2023-24) में छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.99 करोड़ टन रही है। कंपनी की बिक्री को खुदरा, वाहन और रेलवे खंड में अधिक मांग से बढ़त मिली। टाटा स्टील ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस दौरान भारत में कंपनी का उत्पादन 1.88 करोड़ टन रहा। बीते वित्त वर्ष में वाहन और विशेष उत्पाद खंड में बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 29 लाख टन रही थी। समीक्षाधीन अवधि में ब्रांडेड उत्पाद और खुदरा खंड में बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 65 लाख टन रही। औद्योगिक उत्पाद एवं परियोजना खंड में बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 77 लाख टन रही। कंपनी ने कहा कि उपखंडों में इंजीनियरिंग खंड में सबसे ज्यादा वार्षिक बिक्री हुई।

मारुति ने तीन लाख इकाई निर्यात का रखा लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले वित्त वर्ष में रिकॉर्ड निर्यात से उत्साहित मारुति सुजुकी इंडिया को भरोसा है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में उसका निर्यात तीन लाख इकाई को पार कर जाएगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक निर्यात के लिए 2030 तक आठ लाख इकाई का लक्ष्य है।

मारुति सुजुकी 100 से अधिक देशों में फैले अपने विभिन्न निर्यात बाजारों में और अधिक मॉडल पेश करने की योजना बना रही है, साथ ही वितरण नेटवर्क को भी बढ़ा रही है। मारुति सुजुकी इंडिया के कॉरपोरेट मामलों के कार्यकारी निदेशक राहुल भारती ने बताया, लगभग तीन साल पहले तक हमारा निर्यात सालाना 1 से 1.2 लाख कारों के दायरे में था। एक राष्ट्रीय नजरिए और एक व्यावसायिक महत्वाकांक्षा के तहत हमने इन स्तरों से भारी वृद्धि करने का फैसला किया और 2022-23 में हम लगभग 2.59 लाख इकाइयों पर पहुंच गए। इसके बाद 2023-24 में हमने 2.83 लाख इकाइयों के निर्यात का आंकड़ा पूरा किया।

- पिछले वित्त वर्ष में रिकॉर्ड निर्यात से उत्साहित है कंपनी
- निर्यात के लिए 2030 तक आठ लाख इकाई का है लक्ष्य

घरेलू म्यूचुअल फंड निवेश के मामले में नहीं रहे पीछे

वेदांता में ब्लैकरॉक और एडीएआई ने बढ़ाई अपनी हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी ब्लैकरॉक के साथ ही अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए), और घरेलू म्यूचुअल फंडों में आईसीआईसीआई म्यूचुअल फंड तथा निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड ने पिछले चार महीनों में वेदांता में अपनी हिस्सेदारी करीब दो प्रतिशत बढ़ाई है। बाजार प्रतिभागियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने वेदांता ग्रुप में अपनी हिस्सेदारी 1.2 प्रतिशत बढ़ा दी। विभाजन योजनाओं, कर्ज कम करने की कोशिश और धातुओं की बढ़ती कीमतों के कारण वेदांता के शेयर हाल में तेजी से चढ़े हैं। ऐसे में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फंडों की दिलचस्पी भी इसकी ओर बढ़ी है। ब्लैकरॉक इंक के सीईओ लैरी फिंक को दुनिया का सबसे ताकतवर इंसान माना जाता है। इसकी वजह ब्लैकरॉक दुनिया में 10 ट्रिलियन डॉलर का एसेट मैनेज करती है। भारत की जीडीपी का करीब ढाई गुना और अमेरिका की जीडीपी का आधा है।

- आईसीआईसीआई व निप्पॉन ने अपनी हिस्सेदारी दो फीसदी बढ़ाई

वेदांता का पूंजीकरण तीन अरब डॉलर बढ़ा

एक विदेशी ब्रोकरेज हाउस के डीलर के अनुसार वेदांता में खरीदारी में काफी रुचि देखी गई है। कई विदेशी और घरेलू निवेशकों ने मजबूत बुनियाद के कारण अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। इसके चलते दिसंबर के बाद से वेदांता का बाजार पूंजीकरण लगभग तीन अरब अमेरिकी डॉलर बढ़ा है। वेदांता लिमिटेड के शेयर पांच अप्रैल को तीन फीसदी से अधिक तेजी के साथ 322 रुपये पर पहुंच गया जो इसका 52-सप्ताह का उच्चतम स्तर है।



शेर में 15 फीसदी की आई तेजी

पिछले पांच ट्रेडिंग सत्रों (1 अप्रैल से 5 अप्रैल) में इसमें 15% से अधिक तेजी आई है। वैश्विक स्तर पर धातुओं की कीमत में कई कारणों से तेजी आई है। चीन से मजबूत औद्योगिक आंकड़ों ने छह महीने में पहली बार विनिर्माण गतिविधि में विस्तार का संकेत दिया है।

ब्लैकरॉक की हैसियत

चीन कई धातुओं का सबसे बड़ा उपभोक्ता है, इसलिए मजबूत आर्थिक आंकड़ों के कारण वेदांता जैसे धातु शेयरों में तेजी आई है। वेदांता लौह अयस्क, इस्पात, तांबा और एल्यूमीनियम की एक प्रमुख उत्पादक और आपूर्तिकर्ता है। कंपनी के शेयरों में हाल में आई तेजी कंपनी की समग्र व्यावसायिक क्षमता और ईबीआईटीडीए अनुमानों को दर्शाती है।

पाकिस्तान यूरोबांड के बदले एक अरब डॉलर चुकाने को तैयार

- परिपक्व 10 साल के यूरोबांड के बदले एक अरब डॉलर का ऋण किया चुकता

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान इस महीने के मध्य में परिपक्व वाले 10 साल के यूरोबांड के बदले एक अरब डॉलर का विदेशी ऋण चुकाने को तैयार है। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बांड की बिक्री के माध्यम से जुटाया गया कर्ज सात अरब डॉलर से कम हो जाएगा। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने समाचार पत्र 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' को बताया कि वह किसी भी समय बॉन्ड चुकाने के लिए तैयार है और वित्त मंत्रालय से ऐसा करने के निर्देश मिलने का इंतजार कर रहा है। इस कदम से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में यूरोबॉन्ड और सुकुक्स (इस्लामिक वित्त में उपयोग किए जाने वाले बॉन्ड जैसे उपकरण) की बिक्री के माध्यम से प्राप्त ऋण सात अरब डॉलर से कम हो जाएगा।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
राजस्थान	4	4	0	8
कोलकाता	3	3	0	6
लखनऊ	4	3	1	6
चेन्नई	4	2	2	4
हैदराबाद	4	2	2	4
पंजाब	4	2	2	4
गुजरात	5	2	3	4
मुंबई	4	1	3	2
बेंगलोर	5	1	4	2
दिल्ली	5	1	4	2

ऑरेंज कैप

विराट कोहली
316 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप

यजुवेन्द्र चहल
08 विकेट
राजस्थान

बाउंड्री मीटर

598 चौके

374 छक्के

खबर संक्षेप

अमेरिका में जोर पकड़ रहा है क्रिकेट पर्यटन

वाशिंगटन। भारत, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया जैसे क्रिकेट के दीवाने देशों की बड़ी प्रवासी आबादी की उपस्थिति ने ऐसा लगता है कि अमेरिका में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र का एक नया आयाम खोल दिया है। बिहार के भारत-अमेरिकी दंपत्ति द्वारा स्थापित फ्लोरिडा स्थित क्रिकेटबस्टर भारतीय-अमेरिकी और क्रिकेट खेलने वाले देशों के लोगों के बीच इस 'क्रिकेट की दीवानगी' को भुनाने की कोशिश कर रहा है। कंपनी लोगों को अनुकूल यात्रा पैकेज की पेशकश कर रही है जिसमें आधिकारिक मैच टिकट, होटल, उड़ानें, क्रूज और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट और दुनिया की टी20 लीग के कई अन्य आकर्षण शामिल हैं।

फॉर्म और आत्मविश्वास के लिए जूझ रहे बल्लेबाज

जयपुर। मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में अपनी टीम की पांच मैच में चौथी हार के बाद कहा कि विराट कोहली की शानदार फॉर्म के बावजूद रॉयल चैलेंजर बेंगलोर के बल्लेबाज 'फॉर्म और आत्मविश्वास' को लेकर जूझ रहे हैं। कोहली (113) के शानदार शतक के बावजूद आरसीबी तीन विकेट पर 183 रन ही बना सका जिसके जवाब में राजस्थान रॉयल्स ने जोस बटलर की 58 गेंद में नाबाद 100 रन की पारी की बदौलत जीत दर्ज की।

पाक टी20 टीम के कोच होंगे यूसुफ और रज्जाक

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए चयन समिति के सदस्यों मोहम्मद यूसुफ और अब्दुल रज्जाक को क्रमशः अंतरिम मुख्य कोच और सहायक कोच नियुक्त करने का फैसला किया है। यह फैसला तब किया गया जब लंबी अवधि की भूमिका के लिए विदेशी कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के साथ बातचीत जारी है। बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि गिलेस्पी के साथ बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है क्योंकि वह लाल गेंद के प्रारूप के मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभालने के लिए सहमत हो गए हैं।

कोहली की काम के प्रति ईमानदारी अतुलनीय

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड की भ्रष्टाचार रोधी इकाई के पूर्व प्रमुख नीरज कुमार ने इस शक्तिशाली क्रिकेट बोर्ड में अपने कार्यकाल के दौरान सुपरस्टार विराट कोहली की काम के प्रति ईमानदारी को 'अतुलनीय' पाया। दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त नीरज ने 2015 से 2018 के बीच बीसीसीआई के साथ काम किया।

एथलेटिक बिलबाओ 23वें बार बना कोपा डेल रे चैंपियन

एजेंसी ▶▶| सेविले

- पेनल्टी शूट आउट में मालोर्का को 4-2 से हराया
- नियमित और अतिरिक्त समय में 1-1 रहा स्कोर
- चार दशक बाद जीता टूर्नामेंट का खिताब

एथलेटिक बिलबाओ ने पेनल्टी शूट आउट में मालोर्का को 4-2 से हराकर चार दशक बाद कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बिलबाओ को मालोर्का के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन टीम को खिताब जीतने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा।

बिलबाओ की ओर से पेनल्टी शूट आउट में राउल गार्सिया, इकेर मूनियन, माइकल वेस्गा और एलेजांद्रो बेरेनगुएर ने पेनल्टी शूट आउट में गोल किए। एथलेटिक बिलबाओ के गोलकीपर जुलेन अगिरेजाबला ने मैनुएल मोर्लानेस के शॉट को रोका जबकि मालोर्का के नेमांजा रादोनजिक ने शॉट बाहर मारा।

1984 में जीता था पिछला खिताब

नियमित और अतिरिक्त समय के बाद फाइनल मुकाबला 1-1 से बराबर रहा। डेनी रोड्रिग्ज ने मालोर्का को 21वें मिनट में आगे किया लेकिन ओइहान सांचे ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। एथलेटिक बिलबाओ का यह 23वां कोपा डेल रे खिताब है। टीम ने पिछला खिताब 1984 में जीता था। टीम को इसके बाद छह बार फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

शेफील्ड पर जीत से लिवरपूल फिर शीर्ष पर

लंदन। लिवरपूल ने अंतिम स्थान पर चल रहे शेफील्ड यूनाइटेड को 3-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग में एक बार फिर शीर्ष स्थान पर जगह बना ली है। स्कोर लाइन जरूर लिवरपूल के पक्ष में 3-1 रही, लेकिन उसे जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। 76 मिनट तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर था। अर्जेंटीना के एलेक्सिस मैकएलिस्टर ने 76वें मिनट में गोल कर लिवरपूल को बढ़त दिलाई। कोडी गाक्पो ने 90वें मिनट में तीसरा गोल किया। इस जीत के साथ लिवरपूल के 30 मैचों में 70 अंक हो गए हैं। 68 अंकों के साथ आर्सेनल दूसरे और 67 अंकों के साथ गत विजेता मैनचेस्टर सिटी तीसरे स्थान पर है। खेल के 17वें मिनट में डार्विन नुनेज ने लिवरपूल को बढ़त दिलाई, लेकिन 58वें मिनट में कोनर बैडली ने अपनी ही टीम पर आत्मघाती गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया।

आईपीएल : पांच बार के चैंपियन ने तीन मैचों के बाद खोला खाता

मुंबई की पहली जीत, दिल्ली की चौथी हार, शेफर्ड ने 10 गेंद पर ठोके 39 रन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रोमारियो शेफर्ड की 10 गेंद पर नाबाद 39 रन की पारी और अन्य बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से मुंबई इंडियंस ने रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अपना खाता खोला। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 234 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। दिल्ली की टीम इसके जवाब में आठ विकेट पर 205 रन ही बना पाई। मुंबई की तीन हार के बाद यह पहली जीत है जबकि दिल्ली को पांच मैच में चौथी हार का सामना करना पड़ा। इस हार से दिल्ली की टीम अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर पहुंच गई है।

रोहित शर्मा (49 रन) और ईशान किशन (42 रन) ने पहले विकेट के लिए 80 रन जोड़कर मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलाई। उनके आउट होने के बाद टिम डेविड (नाबाद 45 रन), कप्तान हार्दिक पंड्या (39 रन) और शेफर्ड ने अच्छी तरह से जिम्मेदारी संभाली। पृथ्वी साव (66 रन) और अभिषेक पोरेल (31 गेंद पर 41 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी करके दिल्ली को शुरुआती झटके से उबारा। ट्रिस्टन स्टब्स ने 27 गेंद पर तीन चौकों और सात छक्कों की मदद से 71 रन की तूफानी पारी खेली, लेकिन बड़े लक्ष्य के दबाव में अन्य बल्लेबाज नहीं चल पाए।

सूर्यकुमार वापसी में फेल

सूर्यकुमार यादव अपने कमबैक मैच में बल्ले से एक भी रन नहीं बना सके। सूर्या 2 गेंद पर ही तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्खिया का शिकार बने। सूर्यकुमार यादव बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटे। विश्व के नंबर 1 टी20 बैटर सूर्या पूरी तरह से फिट नहीं थे, जिसके चलते उन्होंने आईपीएल 2024 में शुरुआती मैच मिस करे। वापसी में बल्ले से फ्लॉप होने के बाद सूर्यकुमार यादव को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

सर्वाधिक 200+ टोटल

रिकॉर्ड बार	टीम
29	सीएसके
24	आरसीबी
24	एमआई
22	पीबीकेएस
21	केकेआर

पंड्या की नहीं हुई हूटिंग

हार्दिक पंड्या ने आखिरकार कुछ राहत की सांस ली क्योंकि मुंबई इंडियंस के कप्तान की रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान वानखेडे स्टेडियम के दर्शकों ने किसी तरह की हूटिंग नहीं की। यह मुकाबला रिलायंस फाउंडेशन के लिए सभी के लिए शिक्षा और खेल दिवस पर खेला जा रहा है जिससे स्टैंड पर कई गैर सरकारी संगठनों के लगभग 18,000 बच्चे मौजूद थे और स्टैंड पर सिर्फ घरेलू टीम को 'चीयर' करने के लिए शोर सुनाई दे रहा था। पंड्या को पिछले तीन मैच में दर्शकों की हूटिंग का सामना करना पड़ा था।

स्कोर बोर्ड

मुंबई इंडियंस	रन	गेंद	4	6
रोहित शर्मा बो पटेल	49	27	6	3
ईशान किशन का एवं बो पटेल	42	23	4	2
सूर्या का सब फेजर बो नोर्किया	00	02	0	0
पंड्या का सब फेजर बो नोर्किया	39	33	3	1
तिलक का पटेल बो अहमद	06	05	1	0
टिम डेविड नाबाद	45	21	2	4
रोमारियो शेफर्ड नाबाद	39	10	3	4

अतिरिक्त : 14, कुल : 20 ओवर में 234/5

गेंदबाजी : अहमद 4-0-39-1, ईशांत 3-0-40-0, रिचर्डसन 4-0-40-0, अक्षर 4-0-35-2, ललित 1-0-15-0, नोर्किया 4-0-65-2.

दिल्ली कैपिटल्स	रन	गेंद	4	6
पृथ्वी साव बो बुमराह	66	40	8	3
वॉर्नर का पंड्या बो शेफर्ड	10	08	1	1
अभिषेक का डेविड बो बुमराह	41	31	5	0
ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद	71	25	3	7
पंत का पंड्या बो कोएत्जी	01	03	0	0
अक्षर पटेल रन आउट	08	07	1	0
ललित का ईशान बो कोएत्जी	03	04	0	0
कुशाग्र का तिलक बो कोएत्जी	00	01	0	0
रिचर्डसन का शर्मा बो कोएत्जी	02	02	0	0

अतिरिक्त : 03, कुल : 20 ओवर में 205/8

गेंदबाजी : कोएत्जी 4-0-34-4, बुमराह 4-0-22-2, मधवाल 4-0-45-0, शेफर्ड 4-0-54-1, नबी 2-0-17-0, यादव 2-0-32-0.

खास खबर

टियाफो और शेल्टन में होगा खिताबी मुकाबला



ह्यूस्टन। गत चैंपियन फ्रांसिस टियाफो और शीर्ष वरीय बेन शेल्टन ने शनिवार को यहां अपने अपने मुकाबले जीतकर अमेरिकी पुरुष क्ले कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई। दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी टियाफो ने लूसियानो दारदेरी को 6-2, 7-6 से हराया। फाइनल में टियाफो की भिड़ंत अमेरिका के दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी शेल्टन से होगी। इक्कीस साल के शेल्टन ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए टॉम मार्टिन एचेवेरी को 6-7, 6-4, 6-4 से हराकर अपने करियर में दूसरी बार एटीपी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

कोलिन्स ने दर्ज की लगातार 12वीं जीत

चार्ल्सटन। मियामी ओपन चैंपियन डेनियले कोलिन्स ने चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मारिया सकारी को सीधे सेट में हराकर लगातार दूसरे फाइनल में जगह बनाई। कोलिन्स ने सकारी को 6-3, 6-3 से हराया जो उनकी लगातार 12वीं जीत है। कोलिन्स रविवार को होने वाले फाइनल में दारिया कसात्किना से भिड़ेंगी जिन्होंने शीर्ष वरीय जेसिका पेगुला को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। कसात्किना ने टाईब्रेक में अंतिम आठ में से छह अंक जीतकर पेगुला को 6-4, 4-6, 7-6 (5) से शिकस्त दी।

एलएसजी की लगातार तीसरी जीत स्टोइनिस की फिफ्टी, ठाकुर चमके

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लखनऊ सुपर जायंट्स ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में गुजरात टाइटन्स को 33 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। एलएसजी ने मार्कस स्टोइनिस के 58 रन के बाद निकोलस पूरन की नाबाद 32 रन की पारी से पांच विकेट पर 163 रन का स्कोर बनाकर गेंदबाजों की बदौलत इस छोटे से लक्ष्य का बचाव भी किया। गुजरात टाइटन्स टीम 18.5 ओवर में 130 रन पर सिमट गई।

एलएसजी के लिए यश ठाकुर ने 3.5 ओवर में एक मेडन से 30 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए जबकि क्रुणाल पंड्या ने चार ओवर में महज 11 रन देकर तीन विकेट झटके। यश ठाकुर ने अपने दो ओवरों में दो दो विकेट चटकाए।

स्कोर बोर्ड

लखनऊ सुपर जायंट्स	रन	गेंद	4	6
डिकॉक का नूर बो यादव	06	04	0	1
राहुल का तेवतिया बो नालकंडे	33	31	3	0
देवदत्त का वी शंकर बो यादव	07	07	1	0
मार्कस का शरथ बो नालकंडे	58	43	4	2
निकोलस पूरन नाबाद	32	22	0	3
बडोनी का यादव बो राशिद	20	11	3	0
कृणाल पंड्या नाबाद	02	02	0	0

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 163/5

गेंदबाजी : उमेश 3-0-22-2, जॉनसन 4-0-32-0, राशिद 4-0-28-1, मोहित 3-0-34-0, नूर 4-0-22-0, दर्शन 2-0-21-2.

गुजरात टाइटन्स	रन	गेंद	4	6
सुदर्शन का बिश्नोई बो पंड्या	31	23	4	0
शुभमन गिल बो यश ठाकुर	19	21	2	0
विलियमसन का एवं बो बिश्नोई	01	05	0	0
शरथ का बडोनी बो पंड्या	02	05	0	0
शंकर का राहुल बो यश	17	17	0	1
दर्शन का यश ठाकुर बो पंड्या	12	11	0	1
तेवतिया का पूरन बो यश	30	25	2	2
राशिद का सब बो यश	00	03	0	0
उमेश का डिकॉक बो नवीन	02	04	0	0
स्पेंसर जॉनसन नाबाद	00	01	0	0
नूर का डिकॉक बो यश	04	02	1	0

अतिरिक्त : 12, कुल : 18.5 ओवर में 130/10

गेंदबाजी : सिद्धार्थ 4-0-29-0, नवीन 4-0-37-1, मयंक 1-0-13-0, यश 3.5-1-30-5, कृणाल 4-0-11-3, बिश्नोई 2-0-8-1.

नागल 42 साल में मोंटे कार्लो में प्रवेश करने वाले पहले भारतीय

मोंटे कार्लो। सुमित नागल रविवार को यहां अंतिम क्वालीफाइंग दौर में अर्जेंटीना के फाकुंडो डियाज अकोस्टा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर 42 साल में मोंटे कार्लो मास्टर्स एकल मुख्य ड्रॉ में प्रवेश करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। विश्व रैंकिंग में 95वें नंबर पर काबिज नागल ने 55वें नंबर के प्रतिद्वंद्वी को दो घंटे 25 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 7-5, 2-6, 6-2 से शिकस्त दी। अब वह मुख्य ड्रा के पहले दौर में दुनिया के 35वें नंबर के खिलाड़ी इटली के माटियो अर्नाल्डी से भिड़ेंगे। भारत के महान टेनिस खिलाड़ी रमेश कृष्णन ने 1982 में इसी टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी। उन्होंने जीत दर्ज करने के बाद ट्वीट किया, 'मोंटे कार्लो में मुख्य ड्रॉ में जगह बनाकर रोमांचित हूं। मैं भारत और दुनिया भर से मिले समर्थन और शुभकामनाओं की सराहना करता हूं।

भारतीय टीम आस्ट्रेलिया से 2-4 से हारी, श्रृंखला में 0-2 से पिछड़ी

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारतीय पुरुष हॉकी टीम पिछले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद रविवार को यहां पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में आस्ट्रेलिया से 2-4 से पराजित हो गई। भारत को शनिवार को पहले टेस्ट में 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था।

पहले हाफ तक भारतीय टीम 2-1 से आगे चल रही थी। लेकिन तीसरे क्वार्टर में खराब रक्षण का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा क्योंकि मेजबान टीम ने तीन गोल कर लगातार दूसरी जीत हासिल की। आस्ट्रेलिया के लिए जेरेमी हेवर्ड (छठे और 34वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया जबकि जैकब एंडरसन (42वें मिनट) और नाथन (45वें) ने मैदानी गोल दागे। भारत के लिए जुगराज सिंह (नौवें मिनट) और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (30वें मिनट) ने पेनल्टी कार्नर पर गोल किए।

कैंडिडेट्स शतरंज : महिला वर्ग में निकला सिर्फ एक मुकाबले का नतीजा

प्रज्ञानानंदा ने विदित को हराया, वैशाली ने दर्ज की जीत

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में हमवतन विदित गुजराती को हराया। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही भाई-बहन की पहली जोड़ी के लिए यह अच्छा दिन रहा जब प्रज्ञानानंदा की बड़ी बहन आर वैशाली ने भी बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा को हराकर पहली जीत दर्ज की।

महिला वर्ग में सिर्फ इसी मुकाबले का नतीजा निकला। पुरुष वर्ग में डी गुकेश रूस के इयान नेपोमनियाची के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो कारुआना से ड्रॉ खेला। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एक अन्य अमेरिकी हिकारू नाकामूरा को अजरबेजान के निजात अबासोव से ड्रॉ खेलने के दौरान अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

महिला वर्ग में भारत की कोनेरू हंपी ने सफेद मोहरों से खेलते हुए चीन की टैन झोंगयी को बराबरी पर रोका। चीन की ही टिंगजी लेइ ने रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना से अंक बांटे। रूस की कैटरीना लेगनो और यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक की बाजी भी बराबरी पर छूटी। पुरुष और महिला वर्ग दोनों में आठ-आठ खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं और इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में अभी 11 दौर का खेल बाकी है।

कारुआना, गुकेश और नेपोमनियाची शीर्ष पर

पुरुष वर्ग में कारुआना, गुकेश और नेपोमनियाची दो अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं। इनके बाद विदित और प्रज्ञानानंदा को नंबर आता है। इन दोनों के समान डेढ़ अंक हैं। इन दोनों से आधा अंक पीछे नाकामूरा, अलीरेजा और अबासोव हैं। महिला वर्ग में झोंगयी ढाई अंक के साथ सबसे आगे चल रही हैं। उन्होंने गोरयाचकिना पर आधे अंक की बढ़त बना रखी है। हंपी, वैशाली और लेगनो समान डेढ़ अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। लेइ, मुजिचुक और सेलिमोवा एक अंक के साथ संयुक्त रूप से छठे पायदान पर हैं।



अजय देवगन की 'मैदान' का गाना 'रंगा रंगा' जारी

मुंबई। 'शैतान' की अपार सफलता के अब अजय देवगन फिल्म 'मैदान' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान अमित शर्मा ने संभाली है। इस फिल्म में अजय की जोड़ी प्रियामणि के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। यह फिल्म ईद के खास मौके पर यानी 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इससे पहले अब निर्माताओं ने 'मैदान' का नया गाना 'रंगा रंगा' जारी कर दिया है, जिसे वैशाली सामंत ने अपनी आवाज दी है। 'मैदान' की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी।

लाइफ Style

मलाइका

अरबाज के परिवार के साथ डिनर करने पहुंचीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बालीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोडा अपने पूर्व पति अरबाज खान के परिवार के साथ डिनर करने पहुंचीं। इस दौरान जहां मलाइका अपनी मां के साथ थीं वहीं अरबाज के साथ उनकी पत्नी शूरा और पिता सलीम खान थे।

डिनर करने के बाद जब सभी बाहर निकले तो कैमरा में स्पॉट हुए। इतना ही नहीं मलाइका की मां फिर सलीम खान के साथ कार में घर गईं। ये फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। फैंस उन सबके बीच बोंडिंग देख खुश हैं। मलाइका काफी ग्लैमरस लग रही थीं। सलमान खान के पिता सलीम खान रेस्टोरेंट से बाहर आकर जब गाड़ी का इंतजार कर रहे थे तो उस दौरान पैपराजी ने मलाइका और उनकी मां के साथ उनकी फोटो क्लिक कीं। अरबाज और शूरा फोटो के लिए सबके साथ नहीं आए। इस दौरान अलीजेह अग्निहोत्री, सोहेल खान की एक्स वाइफ सीमा सजदेह और रवीना टंडन भी दिखीं।

अनुमान लगाया जा रहा है कि यह पार्टी 'पटना शुक्ला' फिल्म की वजह से हुई हो, जिसके प्रोड्यूसर अरबाज हैं। फिल्म शुक्रवार को रिलीज हुई। इसमें रवीना लीड रोल में हैं। इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान अरबाज और शूरा की मुलाकात हुई थी। बता दें कि मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान का तलाक हुए लंबा समय हो गया है। उनके एक बेटा अरहान खान है। अरबाज ने पिछले साल के अंत में मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान के साथ शादी कर ली थी।

हॉलीवुड मसाला

बाइक एक्सीडेंट में गई जान

नई दिल्ली। हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता चांस पेर्डोमो अब नहीं रहे। महज 27 साल की उम्र में अभिनेता ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। 30 मार्च को अभिनेता की एक बाइक एक्सीडेंट में जान गई। कला के प्रति उनका जुनून और जिंदगी के प्रति उनकी भूख से हर वह शख्स वाकिफ था, जो उन्हें जानते थे। चांस ने अपने करियर की शुरुआत कम उम्र में शुरू की थी। साल 2016 में उन्होंने शॉर्ट फिल्म लॉन्गफील्ड ड्राइव से अपना एक्टिंग करियर शुरू किया था। हालांकि, उन्हें पॉपुलैरिटी आफ्टर वी फेल से मिली।

एना और लाइवली की फिल्म के सीक्वल का ऐलान

नई दिल्ली। अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने 2018 की हिट फिल्म अ सिम्पल फेवर के दूसरे भाग की घोषणा की है। फिल्म में एना केंड्रिक, ब्लेक लाइवली, हेनरी गोल्डिंग, एंड्रू रैनल्स और बशीर सलाहुद्दीन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे, जबकि पॉल फीग निर्देशन कर रहे हैं। पॉल ने पहले भाग को भी निर्देशित किया था। अ सिम्पल फेवर बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी और क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा था। दुनियाभर में फिल्म ने 97 मिलियन डॉलर लगभग 800 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। डार्सी बेल के किरदारों को जेसिका शॉरजर ने स्क्रीनप्ले में ढाला था। एना केंड्रिक ऑस्कर नॉमिनेटेड एक्ट्रेस, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर हैं। साथ ही न्यूयॉर्क टाइम्स की बेस्ट सेलिंग लेखिका भी हैं। नेटफ्लिक्स की फिल्म वुमन ऑफ द आवर से वो निर्देशकीय पारी शुरू कर रही हैं।



हीरामंडी के लिए बनाया रिकार्ड

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी आने वाली वेबसीरीज हीरामंडीः दि डायमंड बाजार सेट पर एक शॉट को रिकार्ड-ब्रेकिंग टाइम यानि 20 मिनट में पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास रच दिया। संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडीः द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडीः द डायमंड बाजार का दूसरा गाना ' तिलस्मी बाहें' रिलीज हो गया है। इस गाने में सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने इस फिल्म के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 20 मिनट में यानी की पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास भी रच दिया है। बताया जा रहा है कि दमदार दृश्य की शूटिंग के बाद सेट पर मौजूद पूरी टीम के साथ-साथ संजय लीला भंसाली ने भी सोनाक्षी को स्टैंडिंग ओवेशन दिया था।

मनोज की 'जोरम' अब मुफ्त में यूट्यूब पर

मुंबई। मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भैया जी' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इससे पहले मनोज को फिल्म 'जोरम' में देखा गया था, जो पिछले साल 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में आई थी। सिनेमाघरों के बाद इस फिल्म ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दी और अब आप 'जोरम' को फ्री में यूट्यूब पर देख सकते हैं। 'जोरम' को आप जी म्यूजिक कंपनी के यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। इस खबर की जानकारी देते हुए निर्माताओं ने फिल्म का लिंक भी दिया है। 'जोरम' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 40 लाख रुपये का कारोबार किया था। फिल्म की कहानी दसरू (मनोज) की है, जो झारखंड की आदिवासी बस्ती में रहता है। उसे अपनी पत्नी (तनिष्ठा चटर्जी) और 3 महीने की बच्ची जोरम के साथ मुंबई आना पड़ता है, जहां वह मजदूरी करके खुशहाल जिंदगी जीता है।

कनगराज के निर्देशन में बनेगी फिल्म

रजनीकांत की थलाइवर 171 का पोस्टर रिलीज

मुंबई। रजनीकांत की 'जेलर' ने देश के साथ पूरी दुनिया में धमाल मचा दिया और बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। रजनीकांतजल्द ही डायरेक्टर लोकेश कनगराज के साथ नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने थलाइवर 171 मूवी का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसमें रजनीकांत का धांसू लुक नजर आ रहा है। पोस्टर में रजनीकांत सोने की घड़ी से बनी हुई हथकड़ी पहने दिख रहे हैं। उन्होंने गोल्डन फ्रेम वाला सनग्लास भी कैरी किया हुआ है। फिल्म का टाइटल फिलहाल सामने नहीं आया है। 'लियो' और 'विक्रम' जैसी सुपरहिट फिल्म बनाने वाले लोकेश का रजनीकांत के साथ यह पहला प्रोजेक्ट है। लोकेश ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म के बारे में अपडेट दिया। फिल्म का टाइटल 22 अप्रैल को रिवील किया जाएगा।

इस साल के अंत तक हो सकती है रिलीज

फिल्म प्री-प्रोडक्शन फेज पर है, जो इस साल के अंत तक रिलीज हो सकती है। प्रोडक्शन सन पिक्चर्स कर रहा है, जिन्होंने पिछले साल सितंबर में इसका ऐलान किया था। फिल्म में शिवकार्तिकेयन का भी खास रोल है। बता दें कि गत वर्ष बॉक्स ऑफिस पर जेलर सरीखी फिल्म देने वाले रजनीकांत की इस वर्ष विशेष भूमिका वाली फिल्म लाल सलाम को असफलता का मुंह देखना पड़ा। इस फिल्म का निर्देशन ऐश्वर्या रजनीकांत ने किया था, जो रजनीकांत की बेटी हैं।

कैंसर से जंग जीतकर मिली दूसरी जिंदगी

मुंबई। मनीषा कोइराला किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। हालांकि, 2012 में कैंसर के कारण अभिनेत्री ने फिल्मी दुनिया से पूरी तरह दूरी बना थी तो अब वह फिर पर्दे पर वापसी कर चुकी हैं। मनीषा जल्द ही संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' में नजर आएंगी। ऐसे में अभिनेत्री ने कैंसर को मात देने के बाद मिली दूसरी जिंदगी और 'हीरामंडी' के लिए आभार जताया है। मनीषा ने इंस्टाग्राम पर 'हीरामंडी' में अपने सह-कलाकार सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल के साथ नजर आईं तो उनके माता-पिता, प्रकाश कोइराला और सुषमा कोइराला भी शामिल हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वह कई चीजों के लिए आभारी हैं, जिसमें उनके करियर के उतार-चढ़ाव से लेकर अच्छे निर्देशक, दोस्त और कैंसर से जंग जीतकर मिली दूसरी जिंदगी शामिल है। मनीषा बोलीं, मुझे अब बेहतरीन फिल्में या शहरी जीवन नहीं चाहिए। मैंने केवल उन लोगों के साथ काम करना चुना है, जिनका मैं सम्मान करती हूं, इसलिए जब भंसाली का फोन आया तो मुझे पता था कि थोड़े समय के लिए अपनी शांत दुनिया को छोड़कर इसे करना सही होगा। अभिनेत्री ने भंसाली की तारीफ करते हुए कहा कि वह पहले दिन से ही प्रतिभाशाली थे।

'हीरामंडी' का हिस्सा बन आभारी हैं मनीषा कोइराला

उषा मेहता के किरदार में नहीं जमीं सारा अली खान

मुंबई। सारा अली खान स्टारर ऐ वतन मेरे वतन अब अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। यह जीवनी नाटक उषा मेहता के जीवन पर आधारित है, जो एक स्वतंत्रता सेनानी थीं और उन्होंने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान सक्रिय रूप से काम किया था। सारा, जिन्हें आखिरी बार मर्डर मुबारक में एक ग्लैमरस भूमिका में देखा गया था, कन्नन अय्यर की नवीनतम रिलीज में एक शांत उषा की भूमिका निभा रही हैं। वह खादी साड़ियां पहनती हैं और हर मौके पर 'करो या मरो' चिल्लाती हैं, लेकिन ऐ वतन मेरे वतन में भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने में असफल रहीं। ऐ वतन मेरे वतन की शुरुआत कनिष्ठ उषा द्वारा अपने पिता से यह कहने से होती है कि वह उड़ना चाहती है। सचिन खेडेकर द्वारा अभिनीत, उषा के पिता उसे आकाश में ऊंची उड़ान भरने के लिए पंख खोजने के लिए कहते हैं।

'गुड्डी' से 'ड्रीमगर्ल' तक, इन अभिनेत्रियों ने सियासत में भी छुआ आसमान

मुंबई। लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं। ऐसे में सभी पार्टियों की तैयारियां भी तेज हो गई है। इस बार सियासी जमीन पर अभिनेत्री कंगना रनोट भी दांव- पेंच खेलते हुए नजर आ रहीं हैं। उनसे पहले भी कई अभिनेत्रियां राजनीति के क्षेत्र में लोहा मनवा चुकी हैं। उत्तर से दक्षिण तक, कई नामी अभिनेत्रियों ने राजनीति की जमीन पर कदम रखा और सफलता की परिभाषा लिख दी। पर्दे पर भले इन्होंने ग्लैमर्स अंदाज दिखाया हो लेकिन राजनीति में गंभीर राजनेत्री बनकर अपनी जिम्मेदारी निभाई।

वर्तमान में कंगना चुनाव मैदान में

सिनेमा और सियासत का रिश्ता काफी पुराना है। पर्दे पर अपनी अदाकारी से करोड़ों लोगों को दीवाना बनाने वाले सितारे अक्सर चुनावी बिसात पर किस्मत आजमाने पहुंचते रहे हैं। लोकसभा चुनाव में इस बार भी कई फिल्मी हस्तियां ताल ठोकते हुए नजर आ रही हैं। मंडी लोकसभा क्षेत्र से कंगना रनौत मैदान में हैं तो मथुरा से हेमा मालिनी चुनावी समर में एक बार फिर उतरी हैं।

दोनों सदनों की सदस्य रहीं जया प्रदा

साउथ फिल्मों के बाद हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमाने वाली जया प्रदा भी एक सफल राजनेत्री हैं। सियासत में रुझान बढ़ने के साथ 32 साल की उम्र में वो तेलुगु देशम पार्टी के साथ जुड़ी थीं। इसके बाद समाजवादी पार्टी और 2019 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। जया संसद के दोनों सदनों की सदस्य रह चुकी हैं।

6 बार मुख्यमंत्री बनीं जयललिता

तमिल सिनेमा की लीजेंड्री अभिनेत्री जयललिता ने भी सियासत की गलियों में खूब नाम कमाया। जयललिता को राजनीति में लाने का श्रेय तमिल सिनेमा के आइकॉनिक स्टार एमजी रामचंद्रन को जाता है, जिन्होंने जया के साथ कई फिल्मों में काम किया था। जयललिता ने 1982 में एआइएडीएमके ज्वाइन की थी। वो 6 बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनीं।

अमरावती से चुनाव मैदान में नवनीत कौर

नवनीत कौर एक मशहूर भारतीय फिल्म अभिनेत्री हैं। उन्होंने तेलुगु फिल्मों में लंबे अर्से तक काम किया है। नवनीत 2019 में अमरावती से लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंची थीं। इस बार वो बीजेपी के टिकट पर अमरावती से ही चुनावी मैदान में हैं।

राज्य सभा सदस्य रहीं नरगिस

नरगिस अपनी स्क्रीन प्रेजेंस के लिए आज भी याद की जाती हैं। मदर इंडिया, बरसात और आवारा समेत अभिनेत्री ने कई सुपरहिट फिल्में दीं। अदाकारी के बाद नरगिस ने राजनीति में भी हाथ आजमाया और राज्यसभा में जाने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बनीं। नरगिस 3 अप्रैल 1989 से 3 मई 1981 तक (निधन से पहले) राज्यसभा सदस्य रहीं।

पॉलिटिक्स में लंबी पारी खेल रहीं हेमा मालिनी

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने भी राजनीति में अपना दबदबा बनाया। भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर हेमा मालिनी ने पॉलिटिक्स में एक लंबी पारी खेली और अभी भी मैदान में डटी हुई हैं।

राज्य सभा सदस्य जया बच्चन

बॉलीवुड की गुड्डी जया बच्चन, समाजवादी पार्टी की सदस्य हैं और राज्यसभा सांसद हैं। जया का राज्य सभा में चौथा कार्यकाल चल रहा है। 2004 में वो पहली बार राज्य सभा पहुंची थीं।

मंत्री पद तक पहुंचीं स्मृति ईरानी

टीवी से करियर की शुरुआत करने वाली स्मृति ईरानी भारतीय जनता पार्टी का अहम हिस्सा हैं, क्योंकि सास भी कभी बहू के साथ घर-घर में छा जाने वाली स्मृति महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं। इससे पहले वो मानव संसाधन विकास मंत्री रह चुकी हैं।

ईद की तैयारी में जुटे मुस्लिम बंधु, बाजारों में रौनक बढ़ी

प्रखर खेतासराय जौनपुर। रमजान का पवित्र महीना खत्म होने में गिनती के दिन शेष है । ईद की तैयारी को लेकर मुस्लिम बन्धु खरीददारी करने में जुट गए है । सोमवार को 28 वा रोजा मुकम्मल हुआ । सख़्त धूप को दरकिनार कर बाजारों में भीड़ जमां रहती है । देर शाम तक बाजार खुलने से गुलजार रहती है । रोजेदार अंतिम रोजे तक (लैलतुल कदर) विशेष रात के लिए गुनाहों से तौबा के लिए रात भर इबादत करता है । वैसे तो ईद तो चांद पर निर्भर रहता है । ईद से पहले मुस्लिम बन्धु तैयारी में जुट जाता है । इस शुभ मौके पर रिश्तेदारों, पड़ोसियों और दोस्तों के लिए ईद की सेवइयां और विशेष पकवान बनवाता है । सभी को उपहार स्वरूप सेवई देता है । मुँह मीठा कराकर ईद की बंधाई देता है । अमूमन खेतासराय कस्बे में बन्दी होने के बावजूद भी कास्मेटिक, कपड़ा, ज्वेलरी शॉप के साथ खाद्द पदार्थो की दुकान खुली रही । परचून की दुकान पर सुबह से ही सेवई लेने के लिए रोजेदार जमे रहे । कलापुर निवासी असगर ने बताया कि कई दिनों से ईद की तैयारी के लिए बाजारों में आ रहे थे । सेवई और मेवे की खरीदारी कर घर जा रहे है । चाँद देखने के बाद घर की महिलाएं अलग अलग व्यंजन बनाने में जुट जाती है । कोई कोर कसर न रह जाये अभी से तैयार में जुटी है ।

किमामी सेवई का बाजार में ज्यादा मांग-

खेतासराय(जौनपुर) ईद के मौके पर सेवाई मिठास घोलने के लिए यह त्यौहार होता है । नगर में कई कटेगरी की सेवई बाजारों में मौजूद है । मुस्लिम बन्धु किमामी को ज्यादा पसन्द करते है । इसमें चाशनी के साथ मेवा का प्रयोग करते है । इसके अलावा दूध फिननी, लच्छेदार के अलावा अन्य कई प्रकार की सेवई मौजूद है । किराना व्यसायी मखनछु और गुड्डू ने बताया कि ईद के एक सप्ताह पहले ही लोग सेवई की खरीदारी शुरू कर देते है । अभी भी लोग चीनी, मेवा, डालडा और सेवई को खरीद रहे है । रमजान का आखिरी आसरा और ईद को लेकर जबर्दस्त चहल पहल है ।

सड़कों पर नही होगी ईद की नमाज : आशांति फैलाने वालों पर सख्ती से निपटेगी पुलिस-सीओ

प्रखर शाहगंज जौनपुर। सोमवार की शाम कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर सभी वर्गों से भारी संख्या में लोग और धर्म गुरु शामिल हुए। बैठक को सम्बोधित करते हुए सीओ अजीत चौहान ने कहा की प्रशासन सभी धर्मों और त्योहार का सम्मान करती है।प्रशासन सभी त्योहार जैसे ईद, नवमी, और अम्बेडकर जयंती को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध है। एक पूर्व सभासद द्वारा नगर के कई होटलों में देह वयापार का मुद्दा उठाया जिसपर सीओ अजीत चौहान ने कहा की त्योहार बाद नगर के सभी होटलों की जांच पड़ताल की जाएगी।और अगर कोई होटल देह व्यापार में लिप्त पाया गया तो कठोर कार्यवाई की जाएगी। सबरहद निवासी एक युवक द्वारा बेगुनाहों पर शांति भंग में चालान का बात कही गयी।जिसपर सीओ ने कहा की अगर ऐसा हुआ है तो जांच कर दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाई की जाएगी। ईद पर साफ सफाई और पानी की समस्या न हो इस पर चेयरमैन प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह बंटी ने जल आपूर्ति,चूने का छिड़काव और साफ सफाई की समुचित व्यवस्था रहेगी।किसी भी नागरिक को त्योहार पर किसी तरह की कोई समस्या नही होने दी जाएगी। अम्बेडकर जयंती और नवमी पर निकलने वालें जुलूसों पर सीओ ने शख्त हिदायत देते हुए कहा की डीजे की ऊंचाई मानक से अधिक होने पर डीजे संचालक पर कार्यवाई की जाएगी। वहीं ईद पर सभी मस्जिदों में नमाज सिर्फ मस्जिद परिसर में ही अदा कराएं सड़कों पर नमाज पढ़ने वालों पर पुलिस आवश्यक कार्यवाई करेगी। बैठक में अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरी, एसओ तारकेश्वर राय, भुनेश्वर मोदनवाल, महफूज आलम, मौलाना साकिब, मुस्तकीम अहमद, गयासुद्दीन, डाक्टर प्रदीप गौतम, धीरज पाटिल, अक्षत अग्रहरि, श्रेयांश गुप्ता, कामरान अंसारी सहित सैकड़ों गणमान्य उपस्थित रहे।

बासंतिक नवरात्र 9 अप्रैल मंगलवार से

बासंतिक नवरात्र के पवित्र मौसम में वातावरण और जीवन में नई उर्जा का होता है संचार - महंत भवानी नंदन यति

जखनियां। गाजीपुर। नव सम्वत के प्रथम माह चैत्र में पड़ने वाला नवरात्रि को बासंतिक नवरात्र के नाम से जाना जाता है। धर्म ग्रंथों, पुराणों के अनुसार चैत्र नवरात्र का समय मां के पूजन अर्चन हेतु बहुत ही शुभ माना जाता है। इस समय प्रकृति भी प्राकृतिक उर्जा से आह्लादित होती है। इस मौसम में वातावरण व जीवन में एक नई उर्जा का संचार होता है। इस समय मां जगदम्बा की आराधना, पूजन अर्चन करने से विशेष लाभ होता है। नवरात्र में किया गया पूजन कभी व्यर्थ नहीं जाता है। हिन्दू धर्म ग्रन्थों के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से नवरात्र आरम्भ होकर नवमी तक चलता है। इस नवरात्रि को जगतजननी मां भगवती की आराधना के लिये श्रेष्ठ माना जाता है। प्रसिद्ध सिद्धपीठ हथियाराम मठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी श्री भवानी नन्दन

यति जी महाराज के निर्देशन में मनिहारी क्षेत्र के प्रसिद्ध मां काली धाम मंदिर हरिहरपुर में इस वर्ष नवरात्र पूजन धूमधाम से संपन्न होगा। हथियाराम मठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी श्री भवानी नंदन गति जी महाराज के अनुसार, इस वर्ष नवरात्र का प्रारंभ 9 अप्रैल दिन मंगलवार से प्रारंभ होगा। प्रातः समय भद्रा रगभग नौ बजे तक रहेगा। वहीं कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त (अभिजीत मुहूर्त) मध्यान्ह 11.34 से 12.24 तक होगा। यह कलश स्थापना का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त है। इसी क्रम में महाअष्टमी की निशा पूजा 15 अप्रैल को होगी जबकि अष्टमी का व्रत 16 अप्रैल को होगा और घरों में अष्टमी का पूजन रात में किया जाएगा। रामनवमी (रामजन्मोत्सव) 17 अप्रैल को दिन में मध्यान्ह 11.17 बजे से 1.25 बजे तक मनाया जाएगा नवरात्र व्रत की पारणा 18 अप्रैल को प्रातः 9.41बजे के बाद होगी।

भाजपा की प्रदेश सरकार में जंगल राज कायम : डॉ. रागिनी सोनकर

प्रखर जौनपुर। मछली शहर विधायक डा. रागिनी सोनकर अपने क्षेत्र में जनसंपर्क को विशेष महत्व देती हैं। उनका संपर्क लोगों के बीच आपसी संवाद के साथ अपनापन को प्रदर्शित करता है। वह विधानसभा के करौंदी, अमारा, पल्टूपुर, पिलौरा, बेलवां, गौहर, कतवार, जरौना आदि क्षेत्रों में लगातार जाकर जनता से रूबरू हो रही हैं। साथ ही तुरंत अधिकारियों से बात कर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही हैं। उन्होंने जनता को समझाते हुए कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो हो सकता है यह अंतिम आम चुनाव हो, इसलिए पीडीए के लोग सतर्क होकर मतदान करें। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई है। प्रदेश में जंगलराज कायम है। जेल में सुरक्षा व्यवस्था के बीच किस तरह से लोगों की प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हत्याएं हो रही है यह किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव सभी

पीडीए के लोगों के लिए अग्निपरीक्षा है, अगर इसमें चूकें तो भविष्य में जनकल्याणकारी योजनाओं से भी आप चूक जाएंगे। अगर भाजपा की सरकार तीसरी बार बनी तो देश का संविधान बदल जाएगा। आरक्षण और नौकरी दूर की कौड़ी हो जाएगी। सभी क्षेत्र प्राइवेट सेक्टर को चला जाएगा। सरकार निरंकुश होकर अपना काम करेगी और देश से लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने कहा कि उनके क्षेत्र में विकास हो, साथ ही सभी वर्गों को समान अवसर मिले, इसके लिए वह तेज गर्मी और धूप में जनता के बीच हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और अन्य क्षेत्रों में योजनाएं मैंने खुद बनाई हैं, ताकि लोगों को उसका लाभ दिलाकर उन्हें रोजगारयुक्त बनाऊं। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क कार्यक्रम से से सही जानकारी मिलती है और जनता अपनी बातें खुल कर रख सकते हैं।

बच्चों में किताबी ज्ञान के साथ संस्कारों का समावेश करना शिक्षकों की नैतिक जिम्मेदारी : शैलेंद्र कुमार

प्रखर सुइथाकला जौनपुर। प्राथमिक विद्यालय सदरुद्दीनपुर मे शनिवार को वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी शाहगंज शैलेन्द्र कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाध्यापिका अनुपमा अग्रहरि ने मुख्य अतिथि को मोमेंटो भेंट करके स्वागत किया। अपने संबोधन में एसडीएम ने कहा कि बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करना शिक्षकों का परम कर्तव्य है।बच्चो को गुणवत्ता परक शिक्षा के साथ -साथ उन्हे नियमित विद्यालय आने के लिए शिक्षक प्रेरित करें। किताबी ज्ञान के साथ-साथ बच्चों को संस्कारित करना शिक्षकों की नैतिक जिम्मेदारी है ।उन्होने उपस्थिति सभी शिक्षको व अभिभावकों से अपील किया कि आगामी लोकसभा चुनाव मे बढ़ चढ़ कर ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करें।उप जिलाधिकारी ने मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करके सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड

शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य ने किया। उन्होने सभी शिक्षको से कहा कि छात्र छात्राओं का नामांकन ज्यादा से ज्यादा कराएं। उन्होंने कहा कि गुरु छात्र-छात्राओं के भविष्य को उज्जवल करता है। शिक्षक संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सतीश सिंह ने नागरिकता के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया उन्होंने कहा कि बच्चों के शैक्षिक विकास में गुरु का स्थान सर्वोच्च होता है। कक्षा में अध्ययन के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने से बच्चों का बहुमुखी विकास होता है। श्री वैश्य ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के प्रति अभिभावकों एवं आम जनमानस का विश्वास बढ़ा है। विद्यालय के नन्हे मुन्हे बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार एवं मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। स्वागत भाषण, आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ रणंजय सिंह व संचालन अनुपमा अग्रहरि ने किया।इस मौके पर अजय मिश्र ,पंकज सिंह ,उमेश यादव ,प्रधान छोटेलाल विन्द ,दुष्यंत मिश्र ,संजय सिंह ,मनोज सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

आज से शुरू चैत्र नवरात्र मेला प्रशासन सतर्क

प्रखर महराजगंज। नवरात्रि के नौ दिन बहुत ही पावन माने जाते हैं। चैत्र नवरात्र के दौरान माता के नौ रूपों की पूजा होती है। इस साल मंगलवार 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत हो रही है, जो कि 17 अप्रैल तक रहेगी। इस चैत्र नवरात्रि पर मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर पृथ्वी पर आ रही है। माता रानी की नौ दिन अपने भक्तों के बीच रहकर उनकी हर परेशानी दूर करती है। यहीं कारण है कि पहले दिन घटस्थापना से लेकर आखिरी दिन राम नवमी तक हर दिन बहुत खास माना जाता है। हर दिन देवी दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है, जिसमें उनके अवतारों का प्रतिनिधित्व करने वाली शक्ति और गुणों की पूजा की जाती है। थाना क्षेत्र बृजमनगंज फरेंदा बृजमनगंज मार्ग के बीच लेहडा जंगल (आद्रवन)मे मां आदि शक्ति जगतजननी मां अम्बे का शक्ति पीठ जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु यहां आते हैं और माता के दर्शन से धन्य होकर जाते हैं खास चैत्र रामनवमी दशहरा में विशेष मेला एवं भीड़ यहां 9 दिन

लगा रहता है मंदिर के पुजारी देवी दत्त पांडे एवं मंदिर की व्यवस्था का देखभाल करें संतोष पांडे ने बताया कि 9 दिन चलने वाले इस मेले में पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष सुरक्षा का इंतजाम किया जाता है बृजमनगंज थाना सहित कहीं थाने की पुलिस यहां मौजूद रहते हैं।भीड़ में चोरो से सुरक्षा के लिए महिलाएं अपने आभूषण पर विशेष ध्यान रखें।घटना की स्थिति में महिला पुलिस को सूचित करें।नवरात्रि के प्रथम दिन माता के दर्शन के लिए जिले के बडे अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि के आते रहते हैं।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मंदिर के आस पास सुंदरी करण कराते हुए पार्क एवं धर्मशाला का निर्माण कार्य चल रहा है मंदिर पर शादी विवाह, छेकाई, कढाई चढाना मुण्डन कार्य प्रतिदिन होता रहता है।नवरात्रि में मंदिर को विशेष रूप से सजाया जाता है रात में मंदिर का श्रृंगार एवं माता का जगराता देखने के लिए लोग रुके रहते है। मां अंबे आपको और आपके परिवार को स्वास्थ्य सुख समृद्धि वैभव और यश प्रदान करें मां जगदंबा की कृपा से संपूर्ण विश्व में सद्भावना का संचार हो और जगत जननी की कृपा चराचर जगत पर बनी रहे चहूओर आरोग्यता खुशहाली और समृद्धि हो आदि शक्ति मां भगवती से यही प्रार्थना है ।

मतदाता जागरूकता जन जन तक आभियान लगातार जारी, स्कूलों में हुऐ कई कार्यक्रम

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन अन्तर्गत चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अनतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु जन-जन तक एक-एक व्यक्ति को 01 जून को घर से बाहर निकलकर अपने पूरी इमानदारी से अपने मतदान का प्रयोग करेगे चाहे वो 80 वर्ष से उपर के व्यक्ति हो या दिब्यांग हो व 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हो की दशा में व्यक्ति मतदान का प्रयोग करेगे। इसी क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देशन मे चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों, महाविद्यालयो के तहत जिला स्वीप को आर्डिनेटर के नेतृत्व में चुनावी पाठशाला लगाकर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नित्य कार्यक्रम, नाटक नुक्कड़ एवं कलश के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित कर लगातार जागरूक किया जा

रहा है। जिसक्रम में नन्दकिशोर सिंह इंटर कालेज रामपुर माझा, आदर्श इंटर कालेज महुआबाग गाजीपुर, हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय जमानियॉ एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय देवकली में मतदाता जागरूकता रैली के साथ शपथ भी दिलायी गयी, कि निर्वाचन की गरीमा को अच्छूर्ण रखते हुए निर्भिक होकर, धर्म, वर्ग, न्याय, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित होवे बिना सभी निर्वाचनो में अपना मताधिकार का प्रयोग करेगे। जिसमे लोगो को आगामी 01 जून को पूरे जोर-शोर से मतदान करने के लिए जागरूक किया। सभी को चढ़ बढ कर मतदान करने तथा जनपद का प्रथम नम्बर पर वोट प्रतिशत लाने हेतु जागरूक किया गया। इसी क्रम में राजकीय बालिका इण्टर कालेज जमानियॉ के प्रधानाचार्य सरिता जायसवाल एवं विद्यालय के छात्रो द्वारा झाकियॉ निकालकर जन-जन की है यही पुकार वोट देना है अधिकार का नारे लगाते हुए लोगो को जागरूक किया गया।

खाद्य विभाग की कार्यवाही में 9 वाद पर 1 लाख 1 हजार का अर्थदंड अधिरोपित किया गया

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद गाजीपुर के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य पदार्थो के नमूनें संग्रहित कर जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला, उ0प्र0, प्रेषित किये गये थे, जॉच के पश्चात खाद्य पदार्थो में मिलावट की पुष्टि खाद्य विश्लेषक द्वारा की गयी थी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट प्राप्त करने के उपरान्त अपर जिलाधिकारी वित्त एवम राजस्व/न्याय निर्णायक अधिकारी, गाजीपुर के न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया गया था, डॉ0 दिनेश कुमार, न्याय निर्णायक अधिकारी (वि0/रा0), गाजीपुर के न्यायालय द्वारा सम्यक विचारोपरान्त 09 वादों पर रू0 101000/- (एक लाख एक हजार रुपए मात्र) के अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। अर्थदण्ड समय से जमा न किये जाने पर आर0 सी0 के माध्यम से वसूली की जायेगी। विवरण निम्नवत है जिसमें सौरभ कुमार पुत्र लालचन्द निवासी ग्राम व पोस्ट-औड़िहार कला थाना-सैदपुर जनपद-गाजीपुर को मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ काजू की बर्फी विक्रय करने पर रू0 12,000/- अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया, उमेश प्रसाद पुत्र नौबत प्रसाद गुप्ता निवासी ग्राम व पोस्ट-मलिकपुरा थाना-शादियाबाद जनपद-गाजीपुर को बिना क्रय बिल प्राप्त किये मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ सरसों का तेल विक्रय करने पर रू0 10,000/- अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया, मुन्ना सिंह यादव पुत्र दयाशंकर यादव निवासी सब्बलपुर खुर्द पोस्ट-सब्बलपुर थाना-जमानिया जनपद-गाजीपुर को अधोमानक खाद्य पदार्थ गाय का दूध का विक्रय करने पर रू0 10,000/- अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया, सोनू केशरी पुत्र भगवान दास केशरी निवासी गदाईपुर पथरा, शेरपुर पोस्ट व थाना-गहमर जनपद-गाजीपुर को बाह्य पदार्थयुक्त खाद्य पदार्थ पेड़ा का विक्रय करने पर रू0 15,000/- अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया, गुलाब राम पुत्र मुख्खू राम निवासी आरी पहाड़पुर उपरवार पोस्ट-सीतापट्टी थाना-करण्डा जनपद-गाजीपुर को अधोमानक खाद्य पदार्थ खोया का विक्रय करने पर रू0 12,000/- अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया, मोहन प्रसाद मद्धेशिया पुत्र लक्ष्मी प्रसाद निवासी पीपाघाट नई संड़क सब्जी मण्डी सैदपुर पोस्ट व थाना-सैदपुर जनपद-गाजीपुर को बिना क्रय बिल प्राप्त किये मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ सिंघाडा आटा का विक्रय करने पर रू0 10,000/- अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया।

संक्षिप्त खबरें

शार्ट सर्किट से लगी आग 10 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल जल कर राख

प्रखर गोरखपुर। थाना क्षेत्र के सोनबरसा बाबू पुलिस चौकी अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिसवा-लटकना के सिवान में बिजली के शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से गेहूं के खड़ी फसल में आग लग गई, देखते ही देखते पछुआ हवा के कारण आग ने अपने आगोश में लगभग 10 एकड़ के करीब फसल जल कर राख हो गई।फायर ब्रिगेड की गाड़ी आने से पहले ग्रामीणो तथा कम्बाइन डाइबर के अथक प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। गेहूं की खड़ी फसल जलने वाले किसानों में राम नारायण मिश्र, संत तिवारी, उमाशंकर त्रिपाठी, जितेन्द्र कुमार मिश्रा, संतोष मिश्रा, राम बुझारथ मिश्रा, विनोद मिश्रा, जमुना मिश्रा, राधे मिश्रा, लालजी मिश्रा, झिनक मिश्रा, सुनील मिश्रा, शंकर मिश्रा सहित अन्य दर्जनों किसानों की लगभग 10 एक-ड़ फसल जलकर राख हो गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सिसवा एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम विशाल उर्फ टिंकू मिश्रा ने किसानों के आग से जली हुई गेंहू की फसल के नुकसान के लिए शासन प्रशासन से अहेतुक सहायता की मांग की है। वहीं सूचना पर पहुंचें चौकी इंचार्ज सोनबरसा बाबू राहुल दूबे ने मयफोर्स मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के लिए सहयोग में लगे रहे।

ब्लाक सभागार में हुआ संचारी रोग दस्तक का आयोजन

प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज। जनपद महराजगंज स्थित बृजमनगंज ब्लाक के सभागार में संचारी रोग दस्तक अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन हुआ कार्यक्रम का संचालन कर रहे एच ई ओ देवेंद्र कन्नौजिया ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान का मुख्य उद्देश्य मच्छर जनित, वेक्टर जनित एवं जल जनित रोगों को रोकथाम करना है।संचारी रोग एक ऐसी बीमारी है जो सूक्ष्मजीवों के कारण हो सकती है, और यह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संपर्क के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकती है। संचारी रोगों के उदाहरणों में फ्लू, एचआईवी, तपेदिक और मलेरिया शामिल हैं। ब्लाक मानिटर अमितेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा डेंगू मलेरिया इंसेफ्लाइटिस कालाजार चिकनगुनिया जैसे संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं हमें अपने क्षेत्र मे जाकर लोगों को अपने साफ सफाई के बारे मे बताते हुए रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। नालियों को साफ रखें कीडें न पनपने दे आदि के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान एच ई ओ देवेंद्र कन्नौजिया, संतोष, ब्लॉक मॉनिटर अमितेश सीडीपीओ किरण, मुख्य सेविका गीता देवी, रिंकी वर्मा, शुशीला, संहमित्रा आदि आगनवाड़ी मौजूद रही।

ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की हुई मौत शव की शिनाख्त नहीं

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज। जनपद महराजगंज के घुघली रेल मार्ग पर रविवार सुबह समपार फाटक से दक्षिण रेल मार्ग पर एक अज्ञात वृद्ध महिला का संदिग्ध परिस्थिति में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही घुघली पुलिस ने पहुंच कर शव को कब्जे में लिया। पुलिस जांच में जुट रही।बताते चलें कि रविवार को सुबह ग्रामीणों ने अपने खेत की तरफ निकले तो देखा कि रेलवे लाइन पर एक बृद्ध महिला क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ी हुई है जिससे धीरे धीरे आस पास के गांवों में खबर पहुंच गया। घटनास्थल पर महिलाओं व पुरुषों ने पहुंच कर देखा लेकिन किसी ने पहचान नही कर सका । जखीरा चौकी प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि घुघली कप्तानगंज के मध्य गांव हरखी रेलवे ट्रैक ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई है ।शव को कब्जे में लेकर विविध कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव का अभी तक शिनाख्त नही हो सका हैं। उक्त मृतक महिला के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त होने पर थानाध्यक्ष घुघली मोबाइल नंबर 9454403899 पर सूचना दे।

तेदुएं के हमले से चार ग्रामीण घायल

प्रखर महराजगंज।जनपद महराजगंज निचलौल तहसील के अंतर्गत ग्राम सभा सोहट गाँव मे झाड़ी में छिपे तेंदुआ ने ग्रामीणों पर किया हमला। इस अचानक हमले से चार लोग घायल हो गए।बताते चलें कि निचलौल सोहगी वरवा वन्य जीव प्रभाग निचलौल वन्य रेंज के अंतर्गत ग्राम सभा सोहट गाँव में सोमवार के दिन सुबह लगभग सात बजे के करीब झाड़ी में छुपा तेंदुआ ने चार लोगों पर हमला करके घायल कर दिया सभी घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से निचलौल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया घायलों में क्रमशः सोहट निवासी त्रिलोकी तथा महदा निवासी मोतीचंद और दो अन्य लोगों को घायल कर दिया जिसमे एक आदमी की हालत खराब होते देख चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं